कोटद्वार, गुरूवार
14 नवम्बर 2024
वर्षः 46
अंकः 191 पृष्ठः 4
मूल्यः 2.00
RNI No.UTTHIN/2005/16338

जयन्त

निर्भीक – निष्पक्ष – जनसरोकार

www.dainikjayantnews.com
स्थापित 1979
संस्थापक : स्व. नरेन्द्र उनियाल

डाक पंजीयन पी.ए.ओ.07-2024-26 फोनः 9412081969 email: nagendra.uniyal@gmail.com

एक नजर

गोविंदघाट से घांघरिया के बीच हेली टिकट बुकिंग के झांसे में गंवाई रकम

देहरादून। गोविंदघाट से घांघरिया से जाने के लिए हेली टिकट बुक कराने के झांसे में एक व्यक्ति साइबर ठगी का शिकार हो गए। बुकिंग के झांसे में वह 60,587 रुपये गंवा बैठे। पीड़ित की शिकायत पर कैंट थाना पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। किशननगर निकट सिरमौर टी एस्टेट निवासी राजीव भटनागर ने साइबर थाने में तहरीर दी। उन्होंने अपने दोस्तों के साथ चोपता और जोशीमठ में फूलों की घाटी की यात्रा की योजना बनाई थी। उन्होंने गोविंदघाट से घांघरिया के बीच हेली सेवा बुक करने का प्रयास किया। ऑनलाइन सर्च के दौरान उन्हें नामक एक वेबसाइट मिली। वेबसाइट पर दिए गए मोबाइल नंबर पर कॉल करने पर अकाश सिंह नामक व्यक्ति ने खुद को हिमालयन हेली सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड का कर्मचारी बताया और टिकट उपलब्ध होने की पुष्टि की। राजीव भटनागर ने सबसे पहले 15,480 रुपये का भुगतान किया। जिसे अजीत तापनो नामक व्यक्ति के यूपीआई खाते में ट्रांसफर किया गया। इसके बाद बीमा राशि के नाम पर 12,660 रुपये और फिर 12,607 रुपये की मांग की गई। हर बार उन्हें यह भरोसा दिलाया गया कि उनकी अतिरिक्त भेजी गई राशि रिफंड की जाएगी। इसके बाद रिफंड वाउचर में कथित त्रुटि बताते हुए 19,840 रुपये और मांगे। इस तरह कुल मिलाकर 60,587 रुपये का भुगतान पीड़ित ने कर दिया। जब राजीव ने अपने धन वापसी के लिए संपर्क किया, तो एक अन्य व्यक्ति सत्यम ने उन्हें 24 घंटे में राशि लौटाने का आश्वासन दिया।

अधेड़ ने फांसी लगाकर जान दी

हल्द्वानी। हल्द्वानी के भोटिया पड़ाव निवासी एक अधेड़ के शरीर में लकवा पड़ गया। ऐसे में निजी अस्पताल के मालिक ने उसे नौकरी से निकाल दिया। इससे आहत होकर अधेड़ ने फांसी लगाकर जान दे दी। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया है। भोटिया पड़ाव निवासी 52 वर्षीय गोपाल सिंह बिष्ट मुखानी चौराहे के पास एक निजी अस्पताल में वार्ड ब्वॉय था। वह पत्नी और तीन बच्चों के साथ हल्द्वानी में ही रहता था। पुलिस के मुताबिक, एक महीने पहले तबीयत खराब होने पर उसके शरीर में लकवा पड़ गया था। बताते हैं कि इस कारण अस्पताल मालिक ने उसे नौकरी से बाहर कर दिया। शरीर में लकवा पड़ने और नौकरी जाने से अधेड़ अवसाद में आ गया था। कोतवाल राजेश कुमार यादव ने बताया कि मंगलवार को उसने अपने ही घर में फांसी का फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। परिजनों ने इसकी सूचना पुलिस को दी। पुलिस आनन–फानन में मौके पर पहुंची और फंदे से अधेड़ को उतारकर अस्पताल लाई। जांच के बाद डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। बुधवार को पुलिस ने पोस्टमार्टम कराकर शव परिजनों के सुपुर्द कर दिया। अधेड़ के आत्मघाती कदम उठाने के बाद से परिवार में कोहराम मचा हुआ है। अधेड़ अपने पीछे पत्नी और तीन बच्चों को छोड़ गया है।

मुख्यमंत्री धामी ने दी प्रदेशवासियों, विशेषकर बच्चों को बाल दिवस की शुभकामनाएं

देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने प्रदेशवासियों, विशेषकर बच्चों को बाल दिवस की शुभकामनाएं दी हैं। मुख्यमंत्री ने देश के प्रथम प्रधानमंत्री स्वर्गीय श्री जवाहर लाल नेहरू को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि बच्चे देश का भविष्य हैं और देश के बेहतर भविष्य के लिए बच्चों को अच्छी शिक्षा और संस्कार देना हम सबकी जिम्मेदारी है। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार बच्चों की शिक्षा और स्वास्थ्य की दिशा में प्रतिबद्धता के साथ काम कर रही है। हमारा प्रयास है कि हर बच्चे की नींव मजबूत हो और वह पढ़–लिखकर देश का जिम्मेदार नागरिक बने। मुख्यमंत्री ने कहा कि दुनिया के बेहतर कल के लिए बच्चों का वर्तमान सुरक्षित होना आवश्यक है। बच्चों के संतुलित और समग्र विकास से ही हम देश और समाज को खुशहाल बना सकते हैं। मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर प्रदेशवासियों से अपील की है कि वे बच्चों को अच्छी शिक्षा और संस्कार देने की जिम्मेदारी का निर्वहन करते हुए बाल अधिकारों के संरक्षण और जागरूकता बढ़ाने में सक्रिय भूमिका निभाएं।

बुलडोजर कार्रवाई को लेकर सुप्रीम कोर्ट का अहम फैसला

घर को मिली छूट, लेकिन इन तीन जगहों पर जारी रहेगा बुलडोजर एक्शन

नई दिल्ली। किसी अपराध के आरोपितों के घर और ठिकाने आनन–फानन में बुलडोजर से गिरा देने की प्रवृत्ति पर अंकुश लगाने के साथ ही सुप्रीम कोर्ट ने यह स्पष्ट कर दिया है कि उसके आदेश का अर्थ यह नहीं है कि अवैध निर्माण और अतिक्रमण करने वालों को एक प्रकार कानूनी संरक्षण मिल गया है। बुलडोजर न्याय पर 95 पृष्ठ के अपने अपने अहम फैसले में कहा है कि हम यह स्पष्ट कर देना चाहते हैं कि उसने इस प्रकार की कार्रवाई को लेकर जो भी दिशा–निर्देश दिए हैं, वे किसी सार्वजनिक स्थान पर किए गए अनधिकृत निर्माण पर लागू नहीं होंगे।



यहां होगी विधिसम्मत कार्रवाई की जाएगी?

सर्वोच्च न्यायालय के अनुसार सड़क, गली, फुटपाथ, रेलवे लाइन या किसी नदी के आसपास किए जाने वाले अतिक्रमण और अवैध निर्माण के खिलाफ विधिसम्मत कार्रवाई की जाएगी। इसके साथ ही अदालत ने यह भी साफ तौर पर कहा है कि जिन मामलों में किसी अदालत की ओर निर्माण गिराने का आदेश दिया जा चुका है, उनमें भी इस फैसले का कोई प्रभाव नहीं पड़ेगा।

पहले सुप्रीम कोर्ट ने क्या कहा था?

इसके पहले अपने अंतरिम आदेश में भी सुप्रीम कोर्ट ने यह स्पष्ट किया था कि अवैध निर्माण और अतिक्रमण के मामले अलग हैं और उन्हें किसी अपराध के आरोपितों के खिलाफ बुलडोजर कार्रवाई से नहीं जोड़ा जाना चाहिए।

बुलडोजर पर सुप्रीम कोर्ट का नया आदेश क्या है?

बुधवार को न्यायमूर्ति बीआर गवई और न्यायमूर्ति केवी विश्वनाथन की पीठ ने कहा कि ध्वस्तीकरण की कार्रवाई से 15 दिन पहले संपत्ति के मालिक को कारण बताओ नोटिस देना होगा। कार्यपालिका न्यायाधीश बनकर यह निर्णय नहीं ले सकती कि आरोपी व्यक्ति दोषी है और उसे दंडित किया जाए। कार्यपालिका का ऐसा कृत्य उसकी सीमाओं का उल्लंघन होगा।

सुप्रीम कोर्ट के आदेश पर क्या बोले अखिलेश?

बुधवार को सुप्रीम कोर्ट द्वारा अनधिकृत ढांचों को ध्वस्त करने के लिए अखिल भारतीय स्तर पर दिशा–निर्देश जारी करने के फैसले के बाद विपक्षी दलों ने भाजपा पर हमला बोल दिया है। समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव ने फैसला सुनाने के लिए शीर्ष अदालत को धन्यवाद दिया और कहा अब बुलडोजर बंद होना चाहिए। असंवैधानिक गतिविधियां बंद होनी चाहिए।

20 नवम्बर को बंद होंगे द्वितीय केदार मदमहेश्वर के कपाट

रुद्रप्रयाग : पंचकेदारों में द्वितीय केदार भगवान मदमहेश्वर के कपाट 20 नवम्बर को शीतकाल के लिए बंद कर दिए जाएंगे। इस मौके पर भगवान की उत्सव डोली अनेक गांवों से होते हुए शीतकालीन गद्दीस्थल ओंकारेश्वर मंदिर ऊखीमठ पहुंचेगी। जहां भक्तों द्वारा डोली का जोरदार स्वागत किया जाएगा। बदरीनाथ-केदारनाथ मंदिर समिति के मुख्य कार्याधिकारी विजय प्रसाद थपलियाल ने जानकारी देते हुए बताया कि शीतकाल के लिए द्वितीय केदार भगवान मदमहेश्वर मंदिर के कपाट 20 नवंबर को प्रातः पूर्व परंपरा के अनुसार बंद कर दिए जाएंगे। उन्होंने बताया कि निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार भगवान की उत्सव डोली 20 नवंबर को मदमहेश्वर मंदिर से प्रस्थान कर रात्रि विश्राम के लिए गौंडार पहुंचेगी। अगले दिन 21 नवंबर को ग्राम गौंडार से प्रातः प्रस्थान कर रात्रि विश्राम के लिए रांसी गांव पहुंचेगी। 22 नवंबर को रांसी से प्रस्थान कर रात्रि विश्राम के लिए गिरिया गांव पहुंचेगी। बताया कि 23 नवंबर को गिरिया गांव से प्रस्थान कर अपराह्न 2 बजे पंचकेदार गद्दीस्थल ओंकारेश्वर मंदिर ऊखीमठ में प्रवेश करेगी। इस दौरान बड़ी संख्या में भक्तों द्वारा भगवान मदहमेश्वर का स्वागत किया जाएगा। (एजेंसी)

मणिपुर में उग्रवादियों के एनकाउंटर के बाद बिगड़े हालात, केंद्र ने संभाला मोर्चा

नई दिल्ली। मणिपुर में ताजा हमलों और कानून–व्यवस्था के मद्देनजर केंद्र ने करीब 2,000 कर्मियों वाली 20 अतिरिक्त सीएपीएफ कंपनियों को राज्य में भेजा है। गृह मंत्रालय ने मंगलवार रात को इन इकाइयों को हवाई मार्ग से लाने और तत्काल तैनाती के आदेश जारी किए।

मुठभेड़ में मारे गए 10 उग्रवादी

गौरतलब है कि सोमवार को सीआरपीएफ के साथ भीषण मुठभेड़ में 10 उग्रवादी मारे गए। यह मुठभेड़ तब हुई जब वर्दी पहने और अत्याधुनिक हथियारों से लैस उग्रवादियों ने जिरीबाम जिले के जाकुरधोर में बोरोबेक्रा पुलिस स्टेशन और उससे सटे सीआरपीएफ कैंप पर अंधाधुंध गोलीबारी कर दी थी। भीषण मुठभेड़ के बाद बल ने अत्याधुनिक हथियारों का एक बड़ा जखीरा भी जब्त किया था। सूत्रों के अनुसार, सीएपीएफ की जिन 20 कंपनियों को मणिपुर में तैनाती का आदेश दिया गया है, उनमें 15 सीआरपीएफ की और पांच बीएसएफ की हैं। राज्य में पिछले साल मई में जातीय हिंसा शुरू होने के बाद से सीएपीएफ की 198 कंपनियां पहले से ही तैनात हैं। इस हिंसा में अब तक 200 से अधिक लोग मारे जा चुके हैं। मणिपुर के जिरिबाम में नए सिरे से हिंसा भड़कने के बाद पिछले सप्ताह से तनाव की स्थिति बनी हुई है।

इंफाल घाटी में पूर्ण बंद से सामान्य जनजीवन प्रभावित

जिरीबाम जिले में उद्रवादियों द्वारा तीन महिलाओं और बच्चों के अपहरण के विरोध में 13 नागरिक अधिकार संगठनों द्वारा बुलाए गए पूर्ण बंद के कारण बुधवार को इंफाल घाटी में सामान्य जनजीवन प्रभावित हुआ। बंद के कारण इंफाल घाटी के पांच जिलों इंफाल पूर्व, इंफाल पश्चिम, थौबल, काकचिंग और बिष्णुपुर में व्यापारिक प्रतिष्ठान और शैक्षणिक संस्थान बंद रहे। अधिकारियों ने बताया कि प्राइवेट और सार्वजनिक परिवहन भी सड़कों से नदारद रहे और सरकारी कार्यालयों में न के बराबर उपस्थिति दर्ज की गई। बता दें कि जिरीबाम जिले में सोमवार को सुरक्षाबलों के साथ मुठभेड़ में 10 उग्रवादी मारे गए थे। पुलिस अधिकारी ने बताया कि हथियारबंद उग्रवादियों ने जाकुरधोर स्थित सीआरपीएफ पोस्ट और पास में स्थित बोरोबेकरा थाने पर हमला किया था। सुरक्षाबलों की जवाबी कार्रवाई में कम से कम 10 उग्रवादी मारे गए। बताया जा रहा है कि इस मुठभेड़ के बाद तीन महिलाओं समेत 6 लापता हैं।

साल 2025 तक डेढ़ लाख महिलाएं बनेगी लखपति दीदी : मुख्यमंत्री

भराड़ीसैंण (गैरसैंण) में राज्यस्तरीय ग्रामीण उद्यमिता विकास कार्यशाला का आयोजन

जयन्त प्रतिनिधि।

चमोली : भराड़ीसैंण (गैरसैंण) में आयोजित राज्यस्तरीय ग्रामीण उद्यमिता विकास कार्यशाला को संबोधित करते हुए, मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा है कि सरकार ने 2025 तक, डेढ़ लाख महिलाओं को लखपति दीदी बनाने के लक्ष्य पर काम कर रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार यात्रा मार्ग पर भी समूहों के आउटलेट खोल रही है, साथ ही दिल्ली में भी हाउस ऑफ हिमालयाज के तहत महिला समूहों के उत्पाद मिलेंगे। सरकार 2025 तक डेढ़ लाख बहनों को लखपति दीदी बनाने के लक्ष्य पर काम कर रही है। बुधवार को भराड़ीसैंण में आयोजित कार्यशाला को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि ग्रीष्मकालीन राजधानी में इस कार्यशाला का आयोजन होना अपने आप में एतिहासिक अवसर है। सरकार कार्यशाला में प्राप्त सुझावों पर गंभीरता से अमल करते हुए, ग्रामीण उद्यमियों के सामने आने वाली सभी समस्याओं का समाधान निकालेगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार पहले ही दिन से सरलीकरण, समाधान और निस्तारण के मंत्र पर चल रही है, इसके सकारात्मक परिणाम अब नजर आने लगे हैं। विगत तीन साल के दौरान स्वरोजगार के क्षेत्र में कई काम हुए हैं। किसी भी काम के शुरुआत में कठिनाई तो आती ही है, लेकिन अब महिलाएं और युवा स्वरोजगार के क्षेत्र में उल्लेखनीय काम करने लगे हैं। सरकार की विभिन्न योजनाओं के चलते अब तक प्रदेश में एक लाख से अधिक महिलाएं लखपति बन चुकी है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि उन्होंने बचपन में अपनी मां को काम करते हुए देखा है, इसलिए उन्हें पता है कि माता और बहनों को क्या-क्या कठिनाइयां पेश आती हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि आज महिलाएं स्वयं सहायता समूहों या निजी प्रयासों से शानदार उत्पाद तैयार कर रही है, जिसकी मांग पूरी दुनिया में है। सरकार सरस मेला, हाउस ऑफ हिमालयाज ब्रांड के जरिए उन्हें विपणन की सुविधा प्रदान कर रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि आप जो भी उत्पाद तैयार कर रहे हैं, उसमें गुणवत्ता, पैकेजिंग और साफ-सफाई का पूरा ध्यान रखें, यदि इन बातों को अनुशासन में डाल दिया जाए तो सफलता मिलनी तय है। उन्होंने कहा कि सरकार ग्रामीण क्षेत्रों से पलायन रोकने के लिए व्यवसाय और स्वावलंबन के अधिक अवसर पैदा करने का प्रयास कर रही है।

कालसी में कार के खाई में गिरने से मासूम की मौत, दो लोग गंभीर

विकासनगर। हरिपुर–कोटी मार्ग पर छिबरो पावर हाउस के पास बुधवार को एक कार अनियंत्रित होकर गहरी खाई में जा गिरी। हादसे में चार साल के मासूम की मौत हो गई, जबकि कार सवार दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को विकासनगर के उप जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया गया है। थानाध्यक्ष कालसी भुवनचंद्र पुजारी ने बताया कि बुधवार दोपहर को करीब सवा दो बजे एक कार कालसी से कोटी की ओर जा रही थी। जो हरिपुर–कोटी मार्ग पर छिबरो पावर हाउस के पास अनियंत्रित होकर गहरी खाई में गिर गई। लोगों ने इसकी सूचना पुलिस और एसडीआरएफ को दी। सूचना पाते ही पुलिस और एसडीआरएफ मौके पर पहुंची। इसके बाद स्थानीय लोगों की मदद से घायलों को खाई निकाला गया। इसके बाद घायलों को विकासनगर उपजिला चिकित्सालय विकास नगर पहुंचाया गया। बताया कि कार में तीन लोग सवार थे। जिसमें एक चार साल का मासूम ताशी चौहान भी सवार थी। मासूम कार से छिटक गई। जिससे उसकी मौके पर मौत गई।

ट्रांसफार्मर और फीडर पर लगने शुरू हुए बिजली के स्मार्ट मीटर

देहरादून। बिजली चोरी रोकने के साथ ही बिजली सप्लाई की एक एक यूनिट का हिसाब रखने को ट्रांसफार्मर और बिजली के फीडरों पर स्मार्ट मीटर लगाने का काम शुरू हो गया है। देहरादून से स्मार्ट मीटर लगाने का काम शुरू हुआ। ये स्मार्ट मीटर बिजली चोरी वाले क्षेत्रों में असरदार साबित होंगे। ऊर्जा निगम उपभोक्ताओं के घरों पर स्मार्ट मीटर लगाने के साथ ही ट्रांसफार्मर और फीडर को स्मार्ट मीटर से जोड़ रहा है। एमडी यूपीसीएल अनिल कुमार ने कहा कि इन स्मार्ट मीटर से बिजली वितरण प्रणाली मजबूत होगी। विश्वसनीयता और पारदर्शिता में सुधार हो रहा है। स्मार्ट मीटर लगने से न केवल उपभोक्ताओं को बेहतर सेवाएं मिलेंगी, बल्कि यूपीसीएल को भी अपने संसाधनों का बेहतर प्रबन्धन करने का अवसर मिलेगा। आरडीएसएस योजना में 16 लाख उपभोक्ताओं के घरों पर मीटर लगाए जा रहे हैं। इससे एनर्जी अकाउंटिंग को बेहतर बनाने को कुल 59212 ट्रांसफार्मर और कुल 2602 फीडरों पर भी स्मार्ट मीटर लगाये जा रहे हैं। कहा कि अभी तक प्रदेश भर में कुल 760 ट्रांसफार्मर और 1210 फीडरों पर स्मार्ट मीटर लगाए जा चुके हैं। इन स्मार्ट मीटर से वास्तविक समय की ऊर्जा की गणना हो सकेगी। बिजली खपत का सटीक डाटा मिलेगा। इससे ट्रांसफार्मरों और फीडरों पर बिजली खपत को ट्रैक किया जा सकता है। दूर से भी पूरे सिस्टम की निगरानी की जा सकती है। बेहतर तरीके से लोड मैनेजमेंट किया जा सकता है। इससे ट्रांसफार्मर और फीडर्स पर दबाव कम होगा।

विधानसभा सीटों के लिए हुआ उपचुनाव

वायनाड लोकसभा में 62.41 फीसदी मतदान

नई दिल्ली। झारखंड में विधानसभा चुनाव के पहले चरण में 43 सीटों पर मतदान के साथ 10 राज्यों की 31 विधानसभा और केरल की वायनाड लोकसभा सीट पर आज उपचुनाव होंगे। सिक्किम की दो सीटों पर सिक्किम क्रांतिकारी मोर्चा के दोनों उम्मीदवार निर्विरोध जीत चुके हैं। 10 राज्यों की 31 विधानसभा सीटों में से 28 विधायकों के लोकसभा चुनाव में सांसद बनने खाली हुईं। इसके अलावा दो की असमय मृत्यु और एक के दल बदलने की वजह से उपचुनाव हो रहे हैं। इनमें से 18 सीटें विपक्ष और 11 सीटें एनडीए के पास थीं।

वायनाड लोकसभा उपचुनाव कुल 62.41 फीसदी मतदान

चुनाव आयोग के मुताबिक, केरल की वायनाड लोकसभा सीट पर हो रहे उपचुनाव में कुल 62.41 फीसदी मतदान हुआ। वायनाड लोकसभा सीट और 10 राज्यों की 31 विधानसभा सीटों पर हो रहे उपचुनाव में निर्वाचन आयोग की योजना के मुताबिक आधिकारिक तौर पर शाम पांच बजे वोटिंग समाप्त हो गई। हालांकि, कई बूथों पर शाम पांच बजे के बाद भी मतदाताओं की कतार लगी है, जिनके मतदान पूरे होने तक वोटिंग चलती रहेगी।

10 राज्यों की विधानसभा सीटों पर शाम पांच बजे तक इतना हुआ मतदान

वायनाड लोकसभा सीट के अलावा 10 राज्यों की 31 विधानसभा सीटों पर भी मतदान जारी है। चुनाव आयोग के मुताबिक शाम पांच बजे तक के मतदान प्रतिशत नीचे दी गई सारणी में देखें। कुछ राज्यों में भाजपा की सरकारें हैं, तो कुछ में विपक्षी दलों– कांग्रेस, तृणमूल कांग्रेस और वाम दल की सरकार है।

जमीन से लेकर आकाश तक होगा भारतीय सेना का दबदबा

नई दिल्ली। भारतीय सेना का दबदबा जमीन से लेकर आसमान तक पुख्ता करने के लिए एक के बाद एक तेजी से कार्रवाई की जा रही है।

इस कड़ी में मंगलवार को तीन ऐसी जानकारियां सामने आईं, जो बताती हैं कि सेना की मजबूती और सतर्कता ऐसी होने जा रही है, जिससे परिंदा भी पर ना मार सके। इनमें 'प्रोजेक्ट आकाशतीर' को शामिल करने के साथ निगरानी हेलीकॉप्टर और हर भूभाग पर चलने वाले वाहन (एटीवी) को खरीदने की प्रक्रिया शुरू करना शामिल है। आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि भारतीय सेना 'प्रोजेक्ट आकाशतीर' के जरिये स्वयं को वायु रक्षा तकनीक में सबसे आगे रख रही है, जिससे भारत के ऊपर एक सुरक्षित और सतर्क हवाई क्षेत्र की मौजूदगी सुनिश्चित की जा रही है। इस प्रोजेक्ट में वायु रक्षा नियंत्रण और रिपोर्टिंग प्रक्रियाओं का डिजिटलीकरण कर इसे स्वचालित करने के लिए एक अत्याधुनिक पहल को डिजाइन किया गया है।

दिल्ली से गुरुग्राम तक कार में घुमाया फिर बारी–बारी की दरिंदगी

दिल्ली , दिल्ली के लाजपत नगर के कस्तूरबा निकेतन स्थित एक घर में छह आरोपियों द्वारा एक नाबालिग व उसकी मौसी को शराब या नशीला पदार्थ पिलाकर सामूहिक दुष्कर्म करने का मामला सामने आया है। इस खौफनाक वारदात के बारे में जिसने भी जाना वो सन्न है। दिल्ली में बीते दिनों ही ओडिशा की एक लड़की के साथ गैंगरेप की वारदात हो चुकी है और अब इस केस ने साबित कर दिया है कि दिल्ली की सड़कों पर महिलाएं सुरक्षित नहीं हैं।



झूठे वादे में फंसी नाबालिग और उसकी मौसी

ताजा मामले में एक नाबालिग (17) और उसकी मौसी (22) 10 नवंबर की रात को क्लबिंग के लिए रात करीब 12 बजे लाजपत नगर स्थित अंडरपास क्लब के पास गई थीं। दोनों क्लब के बाहर ही खड़ी थीं। इस बीच वहां एक कार आती है जिसमें छह लोग होते हैं। किशोरी और उसकी मौसी को अभी और क्लबिंग करनी थी। कार सवार युवकों ने दोनों को मालवीय नगर या फिर गुरुग्राम के क्लब के बारे में बताया और बातों बातों में वादा किया कि वह उन्हें वहां लेकर चलेंगे। दोनों इनकी बातों में आकर कार में बैठ गईं।

नशे में चूर कर की दरिंदगी

आरोपियों ने कार में बैठने के बाद दोनों लड़कियों से मोबाइल फोन नंबर अदला बदली किए। इसके बाद रास्ते से कोल्डड्रिंक खरीदी गई। इसमें शराब मिलाई जाती है और लड़कियों को पिलाई गई। तेज संगीत में मौज मस्ती की गई। यह सब देर रात को गुरुग्राम की सड़कों पर हो रहा था। काफी देर तक कार गुरुग्राम के कई इलाकों में घूमती रही।

नशा चढ़ा, जागा हवस

आरोपियों ने देखा दोनों लड़कियां नशे में चूर हैं। उन्हें अब ज्यादा होश नहीं है। यह हालत देख सभी का हवस जागा और प्लानिंग हुई। दरिंदे वापस दिल्ली लौटते हैं और कस्तूरबा निकेतन स्थित एक घर में दोनों को लेकर जाते हैं। यहां बारी बारी दोनों के साथ दरिंदगी की जाती है। जब सभी का मन भर जाता है और लगता है कि अपने अपने घर चलना चाहिए तो इनमें से एक आरोपी शुभम दोनों पीड़ीताओं को उनके आश्रम स्थित घर के पास छोड़कर फरार हो जाता है।

झूठी अफवाह फैलाकर केदारनाथ धाम पर बेवजह राजनीति कर रही है कांग्रेस : महाराज

आशा नौटियाल के समर्थन में कालीमठ, बेडुला, ब्यूंखी में नुक्कड़ सभा में महाराज का कांग्रेस पर हमला

जयन्त प्रतिनिधि।

रूद्रप्रयाग : प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के कुशल नेतृत्व में देश प्रगति के पथ पर अग्रसर है तथा पूरे विश्व में भारत पुनः विश्व गुरु बनने की राह पर अग्रसर हो रहा है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी व मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व में चारधाम यात्रा में प्रति वर्ष इजाफा हो रहा है। प्रदेश सरकार की मंशा है आने वाले वाले समय में यात्रा प्राधिकरण का गठन कर चारों धामों की यात्रा सहित अन्य धामों, कावड़ यात्रा, नन्दा देवी राजजात यात्रा, कार्तिक स्वामी यात्रा का संचालन यात्रा प्राधिकरण के अन्तर्गत हो जिससे हर वर्ग को स्वरोजगार के अवसर प्राप्त हो सकें।

उक्त बात प्रदेश के वरिष्ठ भाजपा नेता और कैबिनेट मंत्री सतपाल महाराज ने बुधवार को केदारनाथ विधानसभा उपचुनाव में भाजपा प्रत्याशी आशा नौटियाल के समर्थन में कालीमठ, बेडुला और ब्यूंखी में आयोजित नुक्कड़ सभा एवं जनसंपर्क अभियान के दौरान कही। उन्होंने कहा कि राज्य में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मार्गदर्शन एवं मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व में भाजपा सरकार विकास के नित नये कीर्तिमान स्थापित कर रही है। कैबिनेट मंत्री श्री महाराज ने केदारनाथ विधानसभा उपचुनाव में क्षेत्रीय जनता से भाजपा प्रत्याशी आशा नौटियाल को भारी मतों से विजयी बनाने की अपील करते हुए कालीमठ घाटी के कालीमठ, बेडूला, जग्गी बगवान, कुणजेठी, ब्यूखी सहित विभिन्न गांवों में जनसम्पर्क करते हुए कहा कि यह क्षेत्र प्राचीन काल से आध्यात्मिक, सांस्कृतिक एवं पौराणिक आस्था का केन्द्र रहा है इसलिए इस माटी को भगवती काली की तपस्थली के रूप में जाना जाता है। श्री महाराज ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में तीर्थाटन, पर्यटन व्यवसाय में निरन्तर वृद्धि हो रही है तथा आलवेदर रोड़ के निर्माण से चार धाम यात्रा में प्रति वर्ष इजाफा हो रहा है। उन्होंने कहा कि ऋषिकेश-कर्णप्रयाग रेलवे लाइन का निर्माण कार्य युद्ध स्तर पर जारी है तथा वर्ष 2027 में रेलवे लाइन का निर्माण कार्य पूरा होने पर ऋषिकेश-सोनप्रयाग का सफर मात्र 6 घंटे में तय किया जा सकेगा। उन्होंने विपक्ष पर हमला बोलते हुए कहा कि विपक्ष झूठी अफवाह फैला रहा है तथा केदारनाथ धाम पर बेवजह राजनीति करने पर तुला है। कहा कि क्षेत्र में फैली हर समस्या के निराकरण के लिए उपचुनाव की आचार संहिता के बाद पहल की जायेगी। इस अवसर पर बेडूला, जग्गी बगवान के ग्रामीणों ने काली शिला तक मोटर मार्ग निर्माण, जग्गी बगवान गांव के अन्य तोकों को यातायात से जोड़ने, ब्यूखी के ग्रामीणों ने ब्यूखी गांव को पर्यटन रूप में विकसित करने तथा कुणजेठी-ब्यूखी मोटर पर अधूरे निर्माण कार्यों को पूरा करने की भी मांग की। इस दौरान भाजपा कार्यकर्ताओं, जनप्रतिनिधियों व ग्रामीणों ने सतपाल महाराज का जगह-जगह फूल मालाओं से भव्य स्वागत भी किया। इस मौके पर राज्य मंत्री चण्डी प्रसाद भट्ट, भाजपा प्रदेश सह मीडिया प्रभारी कमलेश उनियाल, जिला मीडिया प्रभारी सतेन्द्र बर्त्वाल, पूर्व प्रमुख फते सिंह रावत, प्रधान प्रदीप राणा, दिव्या राणा, गजपाल सिंह राणा, सुदर्शन राणा, क्षेत्र पंचायत सदस्य प्रदीप राणा, राकेश राणा, भाजयुमो जिलाध्यक्ष प्रदीप राणा, मण्डल महामंत्री दिनेश सत्कारी, राम सिंह रावत, शिव सिंह नेगी, रवीन्द्र राणा, मनोज नेगी, कुवर कनेरी, इन्द्र सिंह चौहान, कुवर सिंह राणा सहित सैकड़ों भाजपा कार्यकर्ता मौजूद थे।

सम्पादकीय

जागरूकता स्कैम का समाधान

इंटरनेट का चलन बढ़ने के साथी विभिन्न प्रकार के स्कैम भी होने लगे हैं। खासतौर से वित्तीय लेनदेन को लेकर स्कैमर न जाने कितने ही लोगों को चूना लगाकर अपनी जेब गर्म कर चुके हैं लेकिन इनके पकड़े जाने का अनुपात ठगी के आंकड़ों के अपेक्षा बहुत कम है। इंटरनेट आज प्रत्येक व्यक्ति के हाथ में है जो सुविधाजनक होने के साथ–साथ एक बड़ी परेशानी भी है। जब तक इंटरनेट का प्रयोग किया जा रहा है तब तक यह मान लेना चाहिए कि कोई भी व्यक्ति सुरक्षित नहीं है, जब तक कि वह सजग और सतर्क नहीं है। विभिन्न स्तर पर जागरूकता फैलाने के बावजूद साइबर ठगी के मामले काम नहीं हो रहे हैं और साइबर ठग हर दिन एक नया फॉर्मूला इंटरनेट यूजर को ठगने का निकाल ही लेते हैं। वर्तमान में डिजिटल अरेस्टिंग एक नया फंडा चल पड़ा है जिसकी चपेट में आकर सैकड़ो लाखों लोग अपनी जमा पूंजी गंवा चुके हैं। जांच एजेंसियों का अपना एक दायरा है और इस प्रकार के बढ़ते मामलों के बाद जांच की फेहरिस्त भी लंबी होती चली जा रही है। अधिकांश मामलों में यदि स्कैमर पकड़े भी गए तो जमा पूंजी मिलने की उम्मीद बहुत कम होती है। यह समझ से परे है कि आखिर साइबर ठगों को मोबाइल उपभोक्ताओं का डाटा कहां से उपलब्ध होता है और कैसे वह बैंक खातों से लेकर अन्य जानकारियां जुटा लेते हैं? बैंक खाता एवं विभिन्न पॉलिसीयों से संबंध जानकारी पर बात करते हुए साइबर बहुत जल्दी यह विश्वास जताने में कामयाब रहते हैं कि वह संबंधित विभाग से ही बोल रहे हैं और देखते ही देखते माइंड वाश करते हुए लोगों का खाता भी साफ कर देते हैं। बैंक व बीमा प्राधिकरण नियमित तौर पर अपने ग्राहकों को जागरूकता संदेश भेजता है लेकिन इसके बावजूद भी लोग इन ठगों के शिकार बनते हैं। देश के विभिन्न हिस्सों से साइबर ठगी का धंधा चलाया जा रहा है जिसमें कई कॉल सेंटरों की भूमिका भी पाई गई है। उत्तराखंड में भी हाल ही में राज्य पुलिस ने ऐसे कई कॉल सेंटर बेनकाब किए हैं जो ठगी के धंधे को चल रहे थे। आमजन को स्वयं इंटरनेट के प्रयोग के साथ बेहद सतर्क रहने की भी जरूरत है अन्यथा कब साइबर ठगों के शिकंजे में आ जाए कुछ कहा नहीं जा सकता। साइबर ठगों की एक नई तकनीक "डिजिटल अरेस्ट" ने देशभर में कई लोगों को अपना शिकार बनाया है जिसमें विभिन्न परिस्थितियों का हवाला देकर स्कैमर अपने शिकार को कुछ समझने और संभलने का मौका ही नहीं देता और विभिन्न प्रकार से भयभीत करते हुए पैसा ठग लेते हैं। प्रत्येक इंटरनेट यूजर को अब यह बात गांठ बांधकर अपने जहन में उतार लेनी चाहिए कि वह किसी भी अनजान और अनाधिकृत व्यक्ति से वित्तीय लेनदेन या फिर ओटीपी के आदान–प्रदान से बचे। आने वाले दिनों में यह समस्या और अधिक गहराने वाली है, क्योंकि जहां पिछले कुछ वर्षों में साइबर ठगों ने नए–नए तरीके ढूंढ निकाले हैं तो वहीं ठगी का यह ऋम इतनी आसानी से बंद हो जाएगा इसकी उम्मीदें नहीं है। समाधान सिर्फ और सिर्फ अपनी सतर्कता और जागरूकता है, जिसका पालन करते हुए अपनी जमा पूंजी को बचाया जा सकता है। खाताधारक को किसी भी प्रकार की अनजान कॉल आने पर सबसे पहले अपने बैंक से जानकारी जुटानी चाहिए तो वहीं दूसरी तरफ पुलिस कार्रवाई का हवाला देकर आने वाले फोन कॉल को तत्काल काट देना चाहिए। पल भर में लिया गया निर्णय जिंदगी भर की परेशानी से बचा सकता है, बावजूद इसके यदि साइबर ठगी का शिकार बन जाए तो तत्काल पुलिस एवं अपने बैंक को इस संबंध में जानकारी उपलब्ध करना भी बचाव का एक रास्ता बन सकता है।

भारतीय रेलवे: पहले से कहीं ज्यादा सुरक्षित

ए.के.खंडेलवाल

भारतीय रेलवे में सुरक्षा पहले से कहीं अधिक बेहतर हो गई है, जिसका श्रेय पिछले दशक में की गई योजनाबद्ध पहलों को दिया जा सकता है। भारतीय रेलवे दुनिया का सबसे व्यस्त यात्री परिवहन नेटवर्क है और रेल–यात्री परिवहन में इसका विश्व में पहला स्थान है। रेलवे हर साल 1 लाख करोड़ यात्री किलोमीटर (पीकेएम) से अधिक की दूरी तय करती है और 685 करोड़ से अधिक यात्रियों को सफर कराती है। यह आँकड़ा चीन से भी काफी बड़ा है, जहाँ अपने विशाल नेटवर्क और आबादी के बावजूद लगभग 300 करोड़ यात्री ही रेल का उपयोग करते हैं।

सुरक्षा में इस उल्लेखनीय सुधार का प्रमाण दुर्घटनाओं की घटती संख्या से मिलता है। जहाँ 2000–01 में 473 बड़ी रेल दुर्घटनाएँ हुई थीं, वहीं 2023–24 में यह संख्या घटकर केवल 40 रह गई है। यह गिरावट ट्रैक सुधार, मानव रहित लेवल क्रॉसिंग को हटाने, पुलों की स्थिति की नियमित निगरानी और डिजिटल तकनीक के प्रयोग से संभव हुई है।

रेलवे के सुरक्षा प्रयासों को यात्री और पटरियों की लंबाई के आधार पर और भी सराहा जा सकता है। प्रतिदिन 2 करोड़ से अधिक लोग 70,000 किलोमीटर लंबे नेटवर्क पर यात्रा करते हैं। त्यौहारों के समय यह संख्या 3 करोड़ तक पहुँच जाती है। इसका मतलब है कि भारत में प्रतिदिन लगभग 2त्न लोग सुरक्षित रूप से रेल से सफर करते हैं, जबकि चीन में यह आँकड़ा 0.58त्न और अमेरिका में मात्र 0.09त्न है।

भारतीय रेलवे के लिए यात्रियों की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता है। यह 2023–24 में सुरक्षा से जुड़ी परियोजनाओं में 1 लाख करोड़ रुपये से अधिक के निवेश से स्पष्ट होता है, और चालू वित्त वर्ष में इससे भी अधिक खर्च करने की योजना है। इसका उद्देश्य रेलों, पुलों, पटरियों और संकेत प्रणालियों के रखरखाव में सुधार करना है। साथ ही, ओवर– और अंडर–ब्रिज के निर्माण के माध्यम से पटरियों के निकट की सडक़ सुरक्षा में भी सुधार किया जाएगा।

रेलवे सुरक्षा प्रदर्शन का एक प्रमुख सूचकांक 'प्रति दस लाख ट्रेन किलोमीटर पर दुर्घटना की संख्या' (एपीएमटीके) है, जो 2000–01 में 0.65 से घटकर 2023–24 में 0.03 पर आ गया है। यह सुधार अत्याधुनिक तरीकों और उन्नत तकनीकों के उपयोग के कारण संभव हुआ है, जैसे कि बेहतर पटरी रखरखाव, पटरी दोषों का पता लगाने में सुधार, रेल वेल्ड विफलताओं को रोकना और मानवीय त्रुटियों को कम करना। पटरी रखरखाव में सुधार के लिए आधुनिक मशीनों की तैनाती में भी उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। जहाँ 2013–14 में केवल 700 मशीनें उपयोग में थीं, वहीं अब यह संख्या बढक़र 1,667 हो गई है। इसके अतिरिक्त, परिसंपत्ति की विश्वसनीयता को बढ़ाने के लिए पूरे नेटवर्क में रेल ग्राइंडिंग का भी उपयोग किया जा रहा है। जिससे पटरियों की स्थिति में उल्लेखनीय सुधार आया है। इसके साथ ही,उपद्रवी गतिविधियों, पटरियों से छेड़छाड़ और पटरियों पर अवरोध वस्तुओं के कारण होने वाले जोखिमों से निपटने के लिए नियमित गश्त की जाती है।

यात्रियों की सुरक्षा से आगे बढक़र, रेलवे अब वन्यजीव और पशुधन की सुरक्षा पर भी ध्यान दे रही है। 2024–25 तक 6,433 किलोमीटर रेलवे ट्रैक के किनारे बाड़ लगाने का लक्ष्य है, जिसमें से अगस्त 2024 तक 1,396 किलोमीटर पर काम पूरा कर लिया गया है। इससे मवेशियों के साथ टकराव की घटनाओं में कमी आएगी।

इन परिणामों को बनाए रखने और सुधार करने के लिए भारतीय रेलवे ने तकनीकी कार्यक्रमों और लक्षित प्रशिक्षण कार्यक्रमों को अपनाया है। इस पहल के तहत लोकोपायलटों को कोहरे वाले क्षेत्रों में परिचालन में सहायता के लिए जीपीएस–आधारित फॉग–पास डिवाइसेस की संख्या में वृद्धि की गई है, जो 2014–15 में केवल 90 थी और अब बढक़र 21,742 हो गई है। लोकोपायलटों की सतर्कता बढ़ाने के लिए सभी लोकोमोटिव में सतर्कता नियंत्रण उपकरण (वीसीडी) लगाए गए हैं, जिनकी संख्या 2013–14 में 10,000 से बढक़र अब 16,021 हो चुकी है। सुरक्षा उपायों के अंतर्गत, बड़ी पटरी (ब्रॉड–गेज) मार्गों पर स्थित 6,637 स्टेशनों में से 6,575 स्टेशनों पर पैनल इंटरलॉकिंग, रूट रिले इंटरलॉकिंग और इलेक्ट्रॉनिक इंटरलॉकिंग जैसी उन्नत संकेत प्रणालियाँ स्थापित की गई हैं।

लोकोपायलटों की दक्षता को बेहतर बनाने के लिए ड्राइविंग कौशल और प्रतिक्रिया समय में सुधार के उद्देश्य से सिम्युलेटर–आधारित प्रशिक्षण प्रदान किया जा रहा है, जो क्षेत्रीय अनुभव का अनुकरण करता है। अग्रिम पंक्ति के कर्मचारियों को अग्निशमन और अग्निशामक यंत्रों के उपयोग का प्रशिक्षण भी दिया जाता है। 2023–24 के दौरान 6 लाख से अधिक रेलवे कर्मचारियों ने प्रारंभिक, प्रगति–उन्मुख, पुनः अभ्यास और विशिष्ट जैसे विभिन्न प्रकार के प्रशिक्षण प्राप्त किए हैं।

यात्रियों की सुरक्षा को सर्वोत्तम प्राथमिकता देते हुए, एलएचबी कोचों पर भी विशेष ध्यान दिया गया है, जो बेहतर दुर्घटना–रोकथाम सुविधाओं से लैस हैं। इन कोचों का डिज़ाइन इस तरह किया गया है कि यह रेल के पटरी से उतरने और यात्रियों के घायल होने की संभावना को कम करता है। टक्कर के दौरान एक–दूसरे पर चढऩे से बचने के लिए इन्हें इस प्रकार से बनाया गया है कि ये 160 किलोमीटर प्रति घंटे की गति पर भी सुरक्षित तरीके से परिचालित हो सकें। इसकी उत्पादन संख्या में भी महत्वपूर्ण वृद्धि हुई है। 2023–24 में 4,977 एलएचबी कोच बनाए गए हैं, जो 2013–14 के 2,467 से दोगुने से भी अधिक हैं।

इन सभी प्रयासों से भारतीय रेलवे पहले से कहीं अधिक सुरक्षित हो गई है। यात्री सुरक्षा और रेलवे में सुधार की दिशा में निरंतर प्रयास इसे एक सुरक्षित और विश्वसनीय परिवहन विकल्प बनाते हैं।

भारत में मुसलमानो का ही दबदबा क्यों ?

प्रणव बजाज

जम्मू कश्मीर में अनुच्छेद 370 की बहाली का प्रस्ताव स्वीकृत होने के बाद क्या महाराष्ट्र झारखंड और राजस्थान, यूपी आदि के उपचुनाव में हिंदुओं के वोट इंडिया गठबंधन को मिलनी चाहिएगत 6 नवंबर को जम्मू कश्मीर विधानसभा में अनुच्छेद 370 की बहाली वाला प्रस्ताव बहुमत के साथ स्वीकृत हो गया। भले ही इस प्रस्ताव का भाजपा ने कड़ा विरोध किया हो लेकिन कांग्रेस, नेशनल कांफ्रेंस, पीडीपी और सत्ता के लालची कुछ निर्दलीय विधायकों के समर्थन से प्रस्ताव को मंजूर कर लिया गया। इस प्रस्ताव के मंजूर होने के बाद सवाल उठता है कि क्या झारखंड और महाराष्ट्र के चुनाव और राजस्थान, यूपी आदि के उपचुनाव में इंडिया गठबंधन के उम्मीदवारों को वोट मिलने चाहिए? सब जानते हैं की अनुच्छेद 370 के प्रभावित रहते हुए ही कश्मीर घाटी से चार लाख हिंदुओं को प्रताड़ित कर भगा दिया गया। अगस्त 2019 में जब 370 को समाप्त कर दिया गया तब जम्मू कश्मीर के हालातो में तेजी से सुधार हुआ। अब जम्मू कश्मीर में इंडिया गठबंधन में शामिल नेशनल कांफ्रेंस की सरकार है। इस दल ने अपने चुनावी वादे के अनुसार के विधानसभा में 370 की बहाली वाला स्वीकृत करवा लिया है। यानी जो अनुच्छेद हिंदुओं के खिलाफ है उसी अनुच्छेद की बहाली इंडिया गठबंधन द्वारा करवाई जा रही है। इधर विधानसभा में प्रस्ताव स्वीकृत हुआ उधर झारखंड और महाराष्ट्र के चुनाव में 370 प्रमुख मुद्दा बन गया। अब इन दोनों राज्यों के हिंदू मतदाताओं को यह तय करना है कि क्या इंडिया गठबंधन के दलों के उम्मीदवारों को वोट दिया जाए? यदि महाराष्ट्र और झारखंड में इंडिया गठबंधन के दलों की सरकार बनती है तो फिर जम्मू कश्मीर में हिंदुओं खासकर अनुसूचित जाति वर्ग के लोगों की स्थिति और कमजोर हो होगी। 370 के हटने के बाद ही जम्मू कश्मीर में स एससी वर्ग खासकर वाल्मीकि समुदाय के लोगों को आरक्षण का लाभ मिलने लगा है। महाराष्ट्र और झारखंड के आदिवासी और एससी वर्ग के लिए भी चुनाव परिणाम बहुत महत्व रखते हैं। इन दोनों राज्यों के परिणाम जम्मू कश्मीर के हालातो पर भी असर डालेंगे। इसलिए इन राज्यों के हिंदू मतदाताओं को अपना वोट का उपयोग सोच विचार कर करना चाहिए। यदि इंडिया गठबंधन के दलों की जीत होती है तो फिर जम्मू कश्मीर में हिंदू और कमजोर होंगे।

अफगानिस्तानरखता हूं सुनाओ से वार्ता

भारत में रह रहे 25 करोड़ मुसलमान का ही दबाव है कि केंद्र सरकार को तालिबान के कब्जे वाले अफगानिस्तान से वार्ता करनी पड़ रही है। भारत के विदेश मंत्रालय के संयुक्त सचिव जेपी सिंह ने चार और पांच नवंबर को अफगानिस्तान की राजधानी काबुल में वहां के रक्षा मंत्री मोहम्मद याकूब और विदेश मंत्री आमिर खान से मुलाकात की। अफगानिस्तान के मंत्रियों ने मानवीय दृष्टिकोण से मदद का आग्रह किया। वहीं भारत की ओर से व्यापार को बढ़ाने पर विमर्श हुआ। भारत ने यह वार्ता तब की है जब अफगानिस्तान की तालिबान सरकार को अभी तक भी मान्यता नहीं दी गई है। आरोप लगाता रहा है कि हमारे जम्मू कश्मीर में पाकिस्तान के माध्यम से अफगानिस्तान के कट्टरपंथी युवक सक्रिय है। हालांकि पाकिस्तान में अब तालिबान के लडक़े ही बम विस्फोट कर रहे हैं। भारत सहित पाकिस्तान बांग्लादेश की हालातो के मद्देनजर अफगानिस्तान से वार्ता करना राजनीतिक दृष्टि से बहुत मायने रखता है। आम तौर पर उन देशों से वार्ता नहीं की जाए जानी चाहिए जिन्हें मान्यता न मिली हो। मालूम हो कि वर्ष 2021 में जब तालिबान ने अफगानिस्तान पर कब्जा किया था तब बड़ी मुश्किल से भारतीय नागरिकों को सुरक्षित निकाला गया।

किसानों के लिए अधिक लाभदायक होगी फसलों का मूल्य

अमित बैजनाथ गर्ग

हाल में केंद्र सरकार ने छह रबी फसलों के न्यूनतम समर्थन मूल्य (रूस्क) में वृद्धि की है। यह वृद्धि न्यूनतम 130 रु पये और अधिकतम तीन सौ रुपये प्रति क्विंटल है। गेहूं के एमएसपी में 150 रु पये प्रति क्विंटल की वृद्धि की गई।

रेपसीड और सरसों के दाम में प्रति क्विंटल तीन सौ रु पये बढ़ाया गया है। मसूर में 275 रुपये की वृद्धि की गई है। सरकारी दर पर रबी फसलों की खरीद–बिक्री का सत्र अप्रैल, 2025 से शुरू होगा।

खास बात यह है कि अधिकतर फसलों की एमएसपी अब लागत के लगभग डेढ़ गुना हो चुकी है, जिसकी मांग किसानों की ओर से लगातार हो रही थी। एमएसपी में 23 फसलों को शामिल किया जा चुका है। एमएसपी बढ़ाने को लेकर किसान आंदोलन करते रहे हैं। सवाल है कि क्या इस बार एमएसपी बढऩे से अगली बार आंदोलन नहीं होगा! एमएसपी किसानों से तय दर पर फसल खरीदने की गारंटी है। इसकी वजह से किसानों को बाजार के उतार–चढ़ाव से सुरक्षा मिलती है।

एमएसपी की शुरु आत 1967 में हुई थी। एमएसपी तय करने के लिए कृषि लागत एवं मूल्य आयोग (सीएसीपी) की रिपोर्ट का इस्तेमाल किया जाता है। सीएसीपी उत्पादन लागत, बाजार के रुझान और मांग–आपूर्ति के हिसाब से एमएसपी तय करता है। एमएसपी की गणना के लिए सीएसीपी खेती की लागत को तीन हिस्सों में बांटता है। इसमें फसल उत्पादन के लिए किसानों के नकद खर्च के साथ–साथ पारिवारिक श्रम का भी हिसाब लगाया जाता है। एमएसपी बढऩे से किसानों को लाभकारी मूल्य मिलता है, और फसल विविधीकरण में मदद मिलती है।

एमएसपी बढ़ाने को लेकर केंद्र सरकार का तर्क है कि इससे किसानों की आय बढ़ेगी। हालांकि किसान नेता सरकार के दावे से सहमत नहीं हैं। उनका कहना है कि किसानों की आय बढ़ाने के लिए सरकार के कई उपाय हो सकते हैं। इसमें एक है मूल्य स्थिरता कोष का गठन यानी जब फसल की बाजार कीमत एमएसपी से नीचे चली जाए तो सरकार इसकी भरपाई करे।

किसानों को धान–गेहूं की फसल की बजाय ज्यादा कीमत देने वाली फसल पैदा करने के लिए प्रोत्साहित किया जाना चाहिए। फल, सब्जी, मवेशी, मछली पालन को बढ़ावा दिया जाना चाहिए। उनका कहना है कि कॉन्ट्रैक्ट फार्मिंग की आड़ में किसानों को कंपनियों के भरोसे नहीं छोड़ा जाना चाहिए। ये कंपनियां कॉन्ट्रैक्ट तोड़ देती हैं, और किसानों को घाटा उठाना पड़ता है। कर्ज में डूब जाता है और आत्महत्या तक के लिए मजबूर हो जाता है।

कृषि विशेषज्ञों का कहना है कि एमएसपी व्यवस्था का दबदबा इस सेक्टर में इनोवेशन को हतोत्साहित करेगा। किसान सरकारी व्यवस्था पर निर्भर होकर रह जाएंगे और जोखिम लेने से डरेंगे। इसलिए किसानों को चावल–गेहूं की एमएसपी खरीद के चक्र से छुटकारा दिलाने की जरूरत है। एमएसपी की कानूनी गारंटी किसानों का अहित करेगी। उनका दावा है कि स्वामीनाथन आयोग के मुताबिक फसलों के दाम बढ़ेंगे तो खाद्य वस्तुओं के दाम 25 से 30 फीसद बढ़ जाएंगे और सरकार के लिए महंगाई नियंत्रण कठिन हो जाएगा। किसानों का कहना है कि उनकी फसल की पूरी खरीद की जिम्मेदारी सरकार को लेनी होगी। किसान जितनी फसल पैदा करेंगे, उसकी एमएसपी पर पूरी खरीद सरकार और उसकी एजेंसियों को करनी होगी। तभी किसानों का भला होगा और फसलों का विविधीकरण भी पूरा हो जाएगा।

कृषि विशेषज्ञों का कहना है कि खाद्य सुरक्षा आत्मनिर्भरता देश के स्थायित्व और सम्मान का विषय है। एमएसपी खाद्य सुरक्षा सुनिश्चित करने के साथ–साथ खुले बाजार में कीमतों को नियंत्रित करने के लिए हस्तक्षेप तंत्र भी साबित हुआ है। आयात द्वारा खाद्य सुरक्षा कतर, बहरीन आदि जैसे कम आबादी और मजबूत औद्योगिक–आर्थिक आधार वाले देशों के लिए व्यवहार्य मॉडल हो सकता है।

उनका दावा है कि ऑस्ट्रेलिया और अमेरिका प्रतिस्पर्धी कीमतों पर दुनिया के बाकी देशों के लिए गेहूं का उत्पादन और निर्यात कर सकते हैं, लेकिन तब कृषि गतिविधियों से जुड़े भारतीयों सहित दुनिया की आधी आबादी बेरोजगार हो जाएगी। उनका कहना है कि कुछ मामलों में आयात की पक्षपातपूर्ण सरकारी नीति ने देश में तिलहन किसानों और खाद्य तेलों के उद्योगों को हानि पहुंचाई है। ऐसे में कृषि क्षेत्र में ऐसी नीतियों से बचना चाहिए।

कृषि विशेषज्ञ डॉ. वीरेंद्र सिंह लाठर कहते हैं कि एमएसपी की कानूनी गारंटी देश की खाद्य सुरक्षा सुनिश्चित करने के साथ बाजारी मुद्रास्फीति को भी नियंत्रित करेगी जिससे किसानों को बिचौलियों के शोषण से बचाया जा सकेगा। एमएसपी की कानूनी गारंटी तिलहन–दालों सहित सभी कृषि वस्तुओं में आत्मनिर्भरता के माध्यम से खाद्य सुरक्षा सुनिश्चित करेगी जो ज्यादा पानी और संसाधनों की खपत वाली अनाज फसलों के उत्पादन की तुलना में किसानों के लिए अधिक लाभदायक होगी।

भूल भुलैया 3 बनी कार्तिक आर्यन की पहली 200 करोड़ी फिल्म, 10वें दिन जुटाए इतने करोड़ रुपये

भूल भुलैया 3 का बॉक्स ऑफिस पर धमाल जारी है. फिल्म की कमाई रोज नए रिकॉर्ड बना रही है. ऐसी खबरें को फिल्म की कमाई में शानदार बढ़त देखने की मिली है जो कि रविवार को भी जारी रही. वहीं अपनी रिलीज के दसवें दिन यानी रविवार को भी फिल्म मजबूती से बॉक्स ऑफिस पर बनी हुई है. ऐसा कहा जा रहा है कि फिल्म 200 करोड़ का आंकड़ा पार कर चुकी है.



भूल भुलैया 3 ने शनिवार को 17.40 करोड़ की कमाई के साथ अब तक कुल 198.66 करोड़ रुपये की कमाई कर चुकी है. सैक्निल्क के मुताबिक फिल्म ने 10वें दिन 10:05 बजे तक 16.37 करोड़ कमा लिए हैं. फिल्म की टोटल कमाई 215.03 करोड़ हो चुकी है.

ऐसी चर्चा है कि दिवाली का हफ्ता बीतने के बाद भूल भुलैया की कमाई में शानदार वापसी हुई है. फिल्म ट्रेडर्स ऐसी उम्मीद कर रहे हैं कि भूल भुलैया 3 अजय देवगन की सिंघम को जल्द ही पीछे छोड़ सकती है. आने वाले दिनों में अगर भूल भुलैया 3 की कमाई की रफ्तार यही रही तो रोहित शेट्टी की फिल्म कमाई के मामले में पिछड़ सकती है.

ऐसी चर्चा है कि दिवाली का हफ्ता बीतने के बाद भूल भुलैया की कमाई में शानदार वापसी हुई है. फिल्म ट्रेडर्स ऐसी उम्मीद कर रहे हैं कि भूल भुलैया 3 अजय देवगन की सिंघम को जल्द ही पीछे छोड़ सकती है. आने वाले दिनों में अगर भूल भुलैया 3 की कमाई की रफ्तार यही रही तो रोहित शेट्टी की फिल्म कमाई के मामले में पिछड़ सकती है.

फिल्म को सबसे ज्यादा बढ़त नॉर्थ इंडिया में मिल रही है. खासकर एनसीआर और ईस्ट पंजाब में फिल्म की कमाई करीब–करीब डबल हो गई है. महाराष्ट्र में फिल्म ने कमाई के मामले में सिंघम अगेन को पीछे छोड़ दिया है.

लीग में खेलने के लिए तरस रहे हैं पाकिस्तानी खिलाड़ी!

नई दिल्ली। इंडियन प्रीमियर लीग का 18वां सीजन अगले साल मार्च–अप्रैल में शुरू हो सकता है। हालांकि, कढछ 2025 से पहले मेगा ऑक्शन होगा। ऑक्शन के लिए कई दिग्गज मैदान में हैं। वहीं सभी 10 फ्रेंचाइजी ने मिलकर 46 प्लेयर को रिटेन किया है।इन प्लेयर्स पर सभी टीमों ने कुल 558.5 करोड़ रुपये खर्च किए। ऐसे में अब मेगा ऑक्शन में अधिकतम 204 प्लेयर्स ही बिक सकते हैं। यह ऑक्शन 24 और 25 नवंबर को सउद्री अरब के जेद्दा में होगा। एक फ्रेंचाइजी अपने स्क्वॉड में अधिकतम 25 प्लेयर ही रख सकती है।

ये पाकिस्तानी प्लेयर खेल चुके आईपीएल

जब भी आईपीएल ऑक्शन की बात आती है तो पाकिस्तानी प्लेयर्स की चर्चा भी होने लगती है। पाकिस्तान खिलाड़ी सालों से आईपीएल खेलने के लिए तरस रहे हैं, लेकिन दोनों देशों के बीच राजनीतिक तनाव के चलते यह संभव नहीं हो पा रहा है।

भारत को कड़ी चुनौती देने आएंगे वेस्टइंडीज और आयरलैंड

नई दिल्ली। अगले महीने वेस्टइंडीज और नए साल में आयरलैंड की महिला टीम भारत का दौरा करेगी। इस दौरान भारतीय महिला टीम और वेस्टइंडीज के बीच 3 वनडे और 3 टी20 मैचों की सीरीज खेली जाएगी। इसके बाद जनवरी 2025 में भारत और आयलैंड के बीच 3 टी20 मैचों की सीरीज खेली जाएगी। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड ने दोनों ही सीरीज का शेड्यूल जारी कर दिया है।

वेस्टइंडीज के खिलाफ 3 टी20 मैचों की शुरुआत 15 दिसंबर से होगी। इसके बाद 22 दिसंबर से वनडे सीरीज का आगाज होगा। भारत और आयरलैंड के बीच वनडे सीरीज की शुरुआत अगले साल 10 जनवरी से होगी। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड की ओर से जारी विज्ञप्ति में कहा गया है, बीसीसीआई ने वेस्टइंडीज और आयरलैंड के खिलाफ होम सीरीज के लिए टीम इंडिया का शेड्यूल घोषित कर दिया है। दिसंबर में वेस्टइंडीज विमंस टीम के खिलाफ नवी मुंबई के डीवाई पाटिल स्टेडियम में तीन मैचों की टी20 सीरीज खेली जाएगी। इसके बाद तीन वनडे मैच होंगे, जो बड़ौदा में खेले जाएंगे। टीम इंडिया जनवरी में राजकोट में तीन मैचों की वनडे सीरीज के लिए आयरलैंड महिला टीम से भिड़ेगी।

रॉकस्टार ने हमेशा के लिए बदल दी अभिनेत्री संजना सांघी की जिंदगी

फिल्म इंडस्ट्री की क्यूट और खूबसूरत अभिनेत्री संजना सांघी खास अंदाज में ह्यरॉकस्टारह्ल की एनिवर्सरी को सेलिब्रेट कर रही हैं। अभिनेत्री ने सोशल मीडिया पर फिल्म का एक पोस्टर शेयर कर अपने दिल की बात कही है। संजना सांघी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म इंस्टाग्राम पर साल 2011 में रिलीज हुई फिल्म ह्यरॉकस्टारह्ल का एक पोस्टर शेयर किया। अभिनेत्री के द्वारा शेयर किए गए पोस्टर के साथ कैप्शन में लिखा हमारी 11 नवंबर 2011 सालगिरह। वह दिन जिसने मेरी जिंदगी की दिशा हमेशा के लिए बदल दी। 13 साल बाद मैं मुंबई में अपने घर में सुबह की चाय पीते हुए, अपने लिविंग रूम में ह्यरॉकस्टारह्ल की रिलीज के दिन से इस शानदार फर्स्ट प्रिंट पोस्टर को देख रही हूं। अभिनेत्री ने आगे लिखा छोटी मैंडी शायद कभी खुद के लिए इसकी कल्पना नहीं कर पाई होगी। ह्यरॉकस्टारह्ल और सबसे कीमती लोगों और यादों के लिए जो इसने मुझे हमेशा के लिए दिए हैं थैंक्यू। अभिनेत्री ने निर्देशक इम्तियाज अली, एआर रहमान, रणबीर कपूर, नरगिस फाखरी को टैग करने के साथ रॉकस्टार एनिवर्सरी लिखा। बता दें कि संजना सांघी ने साल 2011 में रिलीज हुई इम्तियाज अली की रोमांटिक–ड्रामा फिल्म रॉकस्टार के साथ अभिनय की दुनिया में कदम रखा था। उस वक्त संजना की उम्र 14 वर्ष थी। फिल्म में उन्होंने चाइल्ड आर्टिस्ट का रोल प्ले किया था। इसके बाद अभिनेत्री ने ह्यफुकरे रिटर्न्सह्ल और ह्यहिंदी मीडियमह्ल में काम किया। संजना सांघी 2018 में आई फिल्म ह्यदिल बेचाराह्ल में नजर आई थीं। ह्यद फॉल्ट इन आवर स्टार्सह्ल के रूपांतरण फिल्म में संजना के साथ दिवंगत अभिनेता सुशांत सिंह राजपूत लीड रोल में थे। रॉकस्टार साल 2011 में सिनेमाघरों में रिलीज हुई फिल्म है, जो कि बॉक्स ऑफिस पर सफल रही और फिल्म को दर्शकों का काफी प्यार मिला।

पिंक साड़ी पहन राशि खन्ना ने कैमरे के सामने दिए सिजलिंग पोज,

साउथ और बॉलीवुड इंडस्ट्री की खूबसूरत हसीना राशि खन्ना हमेशा अपने परफेक्ट फैशन सेंस और ग्लैमरस लुक्स के कारण सोशल मीडिया पर तहलका मचाती रहती हैं। वो जब भी अपनी फोटोज इंस्टाग्राम पर पोस्ट करती हैं तो फैंस लाइक्स और कॉमेंट्स करते नही थकते हैं। हालिया फोटोशूट में भी कुछ ऐसा ही देखने को मिल रहा है। बी–टाउन की खूबसूरत हसीना राशि खन्ना आए दिन अपनी लेटेस्ट फोटोशूट की तस्वीरें इंस्टाग्राम पर पोस्ट करती रहती हैं। उन्होंने ना सिर्फ अपनी एक्टिंग बल्कि लुक्स से भी लोगों को इस कदर दीवाना बनाया है कि लोग उनकी तारीफ करते नही थकते हैं। अब हाल ही में एक्ट्रेस ने अपने लेटेस्ट फोटोशूट की तस्वीरें इंस्टाग्राम पर पोस्ट की हैं। इन फोटोज में उनका स्टनिंग अवतार देखकर फैंस उनके हुस्न के कायल हो गए हैं।

पंजाबी मुंडे का सपना हुआ साकार, टीम इंडिया ने दिया डेब्यू का मौका

नई दिल्ली। भारत और साउथ अफ्रीका के बीच 4 टी20 मैचों की सीरीज का तीसरा मुकाबला सुपरस्पोर्ट पार्क, सेंचुरियन में खेला जा रहा है। सीरीज का दूसरा मुकाबला हारने के बाद भारतीय टीम में बड़ा बदलाव किया गया है। ऑलराउंडर रमनदीप सिंह को टी20 इंटरनेशनल में डेब्यू करने का मौका मिला है। हार्दिक पांड्या ने रमनदीप सिंह को डेब्यू कैप सौंपी।

भारत की प्लेइंग 11 में 1 ही बदलाव किए गए हैं। आवेश खान को बाहर बैठाया गया है। उनकी जगह रमनदीप सिंह ने ली है। टॉस की बात करें तों साउथ अफ्रीका ने पहले गेंदबाजी चुनी। भारतीय कप्तान सूर्यकुमार यादव ने टॉस के दौरान कहा, हमने पहले बल्लेबाजी करते हुए पिछले दो मैचों में अच्छा प्रदर्शन किया है। प्लेयर्स खास प्लान के साथ मैदान पर उतरे हैं और हम इसे लागू करने का प्रयास करेंगे। मैं इससे वास्तव में खुश हूं। मैदान पर जाएं और खेल का आनंद लें।

इन प्लेयर्स ने मेरा काम आसान कर दिया है। हमने प्लेइंग 11 में एक बदलाव किया है। रमनदीप सिंह डेब्यू कर रहे हैं। आवेश खान ने हमारे लिए अच्छा प्रदर्शन किया लेकिन दो गेंदबाजों में से एक को बलिदान देना पड़ा।

भारत की प्लेइंग इलेवन

संजू सैमसन (विकेटकीपर), अभिषेक शर्मा, सूर्यकुमार यादव (कप्तान), तिलक वर्मा, हार्दिक पांड्या, रिंकू सिंह, रमनदीप सिंह, अक्षर पटेल, अर्शदीप सिंह, रवि बिश्नोई, वरुण चक्रवर्ती।

एक नजर

चक्रव्यूह रहा आकर्षण का केंद्र

जयन्त प्रतिनिधि। पौड़ी : गगवाड़स्यूं घाटी के सिद्धपीठ श्री देवलेश्वर महादेव मंदिर परिसर बलोड़ी में बुधवार को तीसरे दिन शैलनट संस्था श्रीनगर द्वारा चक्रव्यूह मंचन आकर्षण का केंद्र रहा। इस दौरान क्षेत्र के बच्चों ने गीतों और नृत्यों की शानदार प्रस्तुतियों से दर्शकों की खूब तालियां बटोरी। रूटमार्च के प्राथमिक वर्ग में राआप्राविल्वाली सीनियर वर्ग में जइंका ल्वाली, झांकी में राइंका उज्याड़ी पहले स्थान पर रहा। बुधवार को मेले का उद्घाटन सेवानिवृत्त कर्नल रमेश सिंह रावत ने किया। उन्होंने अपनी संस्कृति को बचाने और बढ़ावा देने के लिए ऐसे आयोजनों को जरूरी बताया। कार्यक्रम में पीयूष सजवाण ने शिव समा रहे मुझ में, मानसी व साथियों द्वारा नृसिंग बाजो नृत्य, आहना और अंजली ने ओ टूवाबे लैंणा, आरव जुगराण ने जै बद्री नारायण गाने व गौरी नौटियाल ने भजन की शानदार प्रस्तुति दी। वहीं उद्घाटन दिवस पर आयोजित रूट मार्च झांकी का रिजल्ट भी बुधवार को घोषित कर दिया गया। रूटमार्च के प्राथमिक वर्ग में राआप्राविल्वाली ने पहला, सरस्वती शिशु मंदिर उज्याड़ी ने दूसरा, राप्रवि उज्याड़ी ने तीसरा, सीनियर वर्ग में जइंका ल्वाली ने पहला, राइंका ल्वाली ने दूसरा, राकउमाविल्वाली ने तीसरा स्थान हासिल किया। झांकी में राइंका उज्याड़ी पहले, जइंका ल्वाली दूसरे, राकउमाविल्वाली तीसरे स्थान पर रहे जबकि राप्रावि तमलाग व सरस्वती शिशु मंदिर उज्याड़ी को सांत्वना पुरस्कार मिला। इस मौके पर मंदिर के मुख्य पुजारी सुधीर बड़थ्वाल, अध्यक्ष केशर सिंह कठैत, सचिव जगत किशोर बड़थ्वाल, उपाध्यक्ष राजेंद्र सिंह राणा, कोषाध्यक्ष नागेंद्र जुगराण, सुदर्शन नेगी, सुदर्शन थपलियाल, नीतिप्रकाश बड़थ्वाल आदि शामिल रहे।

पौड़ी की छात्राओं ने वाटर प्लांट की तकनीकी बारीकियां जानी

जयन्त प्रतिनिधि। पौड़ी : एक्सपोजर विजिट के तहत पौड़ी जीजीआईसी की छात्राओं ने कोटद्वार पहुंचकर वाटर प्लांट की तकनीकी बारीकियां जानी। ब्यूरो ऑफ इंडियन स्टैंडर्ड (बीआईएस) के सौजन्य से पीएमश्री जीजीआईसी पौड़ी की 21 छात्राओं को एक दिवसीय एक्सपोजर विजिट करवाया गया है। छात्राओं को पैरामाउंट वाटर प्लांट कोटद्वार में जाकर वाटर पैकेजिंग की तकनीकी मानकों, कच्चे माल की प्राप्ति, उत्पादन प्रक्रिया और परीक्षण आदि के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। इस अवसर पर मानक ब्यूरो के रिसोर्स पर्सन अनिल बडोनी, प्लांट हेड पुनीत गौड, शिक्षक सुषमा बिष्ट, कांति किमोठी आदि भी शामिल रहे।

पुलिस ने 8 वाहनों के काटे चालान, तीन वाहन किये सीज

जयन्त प्रतिनिधि। पौड़ी : पुलिस ने जिले भर में शराब पीकर वाहन चलाने के साथ ही ओवर लोडिंग में आठ वाहनों के चालान किए है। पुलिस ने शराब पीकर ड्राइविंग करने पर तीन वाहनों को सीज कर दिया है। एसएसपी पौड़ी लोकेश्वर सिंह ने बताया कि थाना प्रभारियों के साथ ही यातायात प्रभारियों को भी दिन-रात सघन चेकिंग करने को कहा गया है। विशेषकर शराब पीकर वाहन चलाने वाले चालकों और ओवर लोडिंग के मामलों में सख्त कार्रवाई के लिए कहा गया है।

हवा हो गई निगम की पार्किंग योजना, सड़क पर खड़े वाहन

एक वर्ष पूर्व नगर निगम ने शहर में बनाई थी पार्किंग की योजना

कोटद्वार के बदरीनाथ मार्ग पर सड़क पर बेतरतीब खड़े दोपहिया वाहन

जयन्त प्रतिनिधि।

कोटद्वार : नगर निगम अपनी जिम्मेदारियों को लेकर कितना लापरवाह है इसका अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि एक वर्ष पूर्व पार्किंग योजना बनाने के बाद निगम आज तक इसे धरातल पर लागू नहीं कर पाया है। नतीजा, सड़क किनारे बेतरतीब तरीके से खड़े वाहन यातायात व्यवस्था में बाधा बन रहे हैं। साथ ही हर समय दुर्घटनाओं का भी अंदेशा बना रहता है। जबकि, स्थानीय जनता लगातार पार्किंग स्थल मुहैया करवाने की मांग कर रही है।

गढ़वाल के प्रवेश द्वार कोटद्वार में लगातार वाहनों का दबाव बढ़ता जा रहा है। बावजूद इसके शहर में आज तक पार्किंग स्थल की व्यवस्था नहीं हो पाई है। सड़क किनारे वाहन पार्क करना शहरवासियों की मजबूरी बन गई है। नगर निगम ने एक वर्ष पूर्व शहर में सड़क किनारे कुछ स्थानों को पार्किंग स्थल के रूप में विकसित करने का निर्णय लिया था। नगर निगम ने नगर क्षेत्र में अलग-अलग स्थानों पर सड़क किनारे पार्किंग स्थल चिह्नित किए। साथ ही मामूली शुल्क पर इन स्थानों में वाहन खड़ी करने की अनुमति दी। देवी रोड में स्टेट बैंक के बाहर वाली पार्किंग को छोड़ अन्य तमाम जगहों पर चयनित स्थलों में वाहन तो खड़े होते हैं। लेकिन, न तो शुल्क लेने वाला कर्मी होता है और न ही वाहनों को व्यवस्थित तरीके से खड़ा करवाने के लिए कोई कर्मी मौके पर होता है। सड़क किनारे बेतरतीब तरीके से खड़े वाहन दुर्घटनाओं को न्यौता दे रहे हैं। सड़क किनारे वाहन पार्क करने को लेकर कई बार विवाद बना रहता है।

भारी वाहनों ने बढ़ाई मुश्किल

शहर में दोपहिया वाहनों के साथ ही चारपहिया वाहन भी सड़क किनारे बेतरतीब तरीके से खड़े रहते हैं। यही नहीं मैक्स वाहन पटेल मार्ग पर सड़क पर वाहन खड़े कर सवारी भरते हुए आसानी से देखे जा सकते हैं। मंगलवार शाम देवी रोड में वाहन पार्क करने को लेकर दो कार चालकों के बीच विवाद हो गया था। आसपास के व्यापारियों ने मौके पर पहुंचकर विवाद शांत करवाया। यदि नगर निगम व प्रशासन शहर में पार्किंग स्थल की व्यवस्था कर दे तो शहर में यातायात व्यवस्था काफी हद तक पटरी पर लौट जाएगी।

भालू के हमले में बुजुर्ग महिला घायल

जयन्त प्रतिनिधि।

कोटद्वार : पर्वतीय क्षेत्रों में जंगली जानवरों के हमले की घटनाएं थमने का नाम नहीं ले रही। प्रखंड यमकेश्वर के अंतर्गत ग्राम पठोला में भालू ने एक बुजुर्ग महिला पर हमला कर दिया। गंभीर रूप से घायल महिला को उपचार के लिए राजकीय बेस चिकित्सालय कोटद्वार में भर्ती करवाया गया है। महिला के मुंह पर गंभीर चोट आई है।

जानकारी के अनुसार, ग्राम पठोला निवासी विधाता देवी (75) पत्नी तुलसी सिंह घर के समीप खेत में काम कर रही थी। इसी दौरान झाड़ियों के पीछे घात लगाकर छिपे भालू ने विधाता देवी पर हमला कर दिया। चीख-पुकार सुनकर मौके पर पहुंचे ग्रामीणों ने भालू के चंगुल से महिला को छुड़वाया। जिसके बाद भालू जंगल की ओर भाग गया। ग्रामीणों ने घायल विधाता देवी को निजी वाहन से कोटद्वार अस्पताल पहुंचाया। चिकित्सकों ने बताया कि महिला भालू ने महिला के मुंह पर हमला किया है। वहीं, ग्राम पठोला के ग्रामीणों ने वन विभाग से भालू के आंतक से निजात दिलवाने की मांग की है। कहा कि घटना के बाद ग्रामीणों का घरों से बाहर निकलना भी मुश्किल हो गया है। सबसे अधिक चिंता अभिभावकों को बच्चे स्कूल भेजने की हो रही है। कहा कि भालू को कैद करने के लिए क्षेत्र में पिंजरे लगाए जाने चाहिए।

धरातल पर रंग नहीं ला पाई योजनाएं

जयन्त प्रतिनिधि।

कोटद्वार : उत्तराखंड विकास समिति ने जनप्रतिनिधियों पर उत्तराखंड की अनदेखी का आरोप लगाया है। कहा कि पहाड़ के लिए बनाई गई योजनाएं धरातल पर रंग नहीं लाने से आज भी पहाड़ पलायन की मार झेल रहा है। इस दौरान पहाड़ में हो रही लव जिहाद की घटनाओं पर भी रोष व्यक्त किया गया।

उत्तराखंड विकास समिति की ओर से बैठक का आयोजन किया गया। समिति के अध्यक्ष जानकी बल्लभ मैंदोला ने कहा कि राज्य बनने के बाद पर्वतीय क्षेत्रों से पलायन पर रोक लगने की उम्मीद जगी थी, लेकिन प्रदेश में सत्तासीन सरकारों ने पलायन रोकने व रोजगार के लिए कोई ठोस नीति नहीं बनाई, जिससे पर्वतीय क्षेत्रों के अधिकांश गांव खाली होने के कगार पर पहुंच गए है। परिवहन विभाग में भी कोई आमूलचूल परिवर्तन न होने से अभी भी बस दुर्घनाएं हो रही है, जिससे कई निर्दोष लोगों अपनी जान गंवा रहे है। उन्होंने राज्य में भूमाफियों के बढ़ते दखल पर भी चिंता जताई। कहा कि राज्य में शसक्त भू-कानून की आवश्कता है, जिससे राज्य के मूल निवासियों का फायदा हो सके। उन्होंने विधानसभा कोटद्वार में भी लोगों के अपेक्षाओं व चुने हुए जनप्रतिनिधियों की घोषणाओं के अनुरूप विकास कार्य न किए जाने पर नाराजगी जताई। कहा कि कोटद्वार में मेडिकल कालेज, मोटर नगर बस अड्डा, केंद्रीय विद्यालय सहित कई महत्वपूर्ण विकास योजनाए ठप हो रखी है। जिन पर कार्य करने की जरूरत है। उन्होंने शासन-प्रशासन से सरकारी जमीनों से अतिक्रमण हटाने की मांग की है।

शासन के नियमों के तहत हो खेल मैदान का संचालन

जयन्त प्रतिनिधि।

कोटद्वार : क्रिकेट फैडरेशन ऑफ पौड़ी ने सत्तीचौड़ स्थित क्रिकेट खेल मैदान का शासन के नियमों के अनुसार संचालन करवाने की मांग की है। कहा कि उक्त भूमि पर भू-माफियाओं की नजर बनी हुई है।

बैठक में क्रिकेट फेडरेशन आफ पौड़ी के सचिव मनीष सती ने कहा कि फेडरेशन ने उक्त खेल मैदान में बेहतर व्यवस्थाएं बनाई थी। लेकिन, जिसे मैदान की देखरेख की जिम्मेदारी दी गई उसी ने वित्तीय अनियमित्ता करनी प्रारंभ कर दी।

नतीजा वर्तमान में उक्त सरकारी भूमि पर भू-माफियाओं का हस्तक्षेप बढ़ने लगा है। फाउंडेशन के अध्यक्ष सुनील नेगी ने कहा कि मैदान को खेल प्रेमियों के लिए तैयार किया गया था। लेकिन, खेल प्रेमियों को इसका लाभ नहीं मिल पा रहा है। इस मौके पर कोषाध्यक्ष नरेंद्र रावत, अमित चौहान आदि मौजूद रहे।

नशा नहीं बेहतर भविष्य चुने युवा

जयन्त प्रतिनिधि।

प्रतियोगिता के दौरान खिलाड़ियों के साथ मौजूद अपर पुलिस अधीक्षक व अन्य अतिथि गण

कोटद्वार : ज्ञान भारती पब्लिक स्कूल कोटद्वार में आयोजित तीन दिवसीय खेल प्रतियोगिता के दौरान अपर पुलिस अधीक्षक जया बलोनी ने युवाओं को नशे के प्रति जागरूक किया। कहा कि युवाओं को नशे से दूर रहकर बेहतर भविष्य पर ध्यान देना चाहिए।

एएसपी ने कहा कि नशा एक सामाजिक बुराई है। इसलिए हम सभी को इसके खिलाफ एकजुट होकर संघर्ष करना चाहिए। उन्होंने कार्यशाला में मिलने वाली जानकारी को अधिक से अधिक लोगों तक पहुंचाने की भी अपील की। वहीं थानाध्यक्ष रिखणीखाल संतोष पैथवाल द्वारा रथुवाढ़ाब क्षेत्र के धामधार में स्थानीय महिलाओं व ग्रामीणों को जागरूक किया गया। कार्यक्रम के तहत उन्होंने स्थानीय महिलाओं और ग्रामीणों को साइबर सुरक्षा, डिजिटल अरेस्ट, महिला सुरक्षा व गुड टच, बेड टच के संबंध में जानकारी दी। कहा कि आज इंटरनेट और तकनीकी युग में गांवों के भोले भाले लोग आसानी से साइबर अपराधों के जाल में फंस रहे है। उन्होंने लोगों से अपील की है की किसी भी दशा में अपने मोबाइल फोन के पिन नंबर और ओटीपी को किसी भी अनजान व्यक्ति को शेयर न करे और न ही अनचाहे इंटरनेट लिंक पर जाएं। ऐसे मामलो में अधिक जानकारी और सहायता के लिए हेल्प लाइन नंबर 1930, 1090 और 112 पर संपर्क करें। जन जागरूकता अभियान में अपर उप निरीक्षक कैलाश जोशी, हेड कांस्टेबल सुशील, सुखबीर सिंह, कास्टेबल राजेश व हरेंद्र शामिल रहे।

ट्रस्ट ने मेधावी विद्यार्थियों को बांटी स्वेटर

सिम्मलचौड़ स्थित राजकीय प्राथमिक विद्यालय में निर्धन छात्रों को स्वेटर वितरित करते अतिथि

जयन्त प्रतिनिधि। कोटद्वार : राजकीय प्राथमिक विद्यालय सिम्मलचौड़ में आर्य गिरधारी लाल महर्षि दयानंद ट्रस्ट की ओर से स्वेटर वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान ट्रस्ट ने विद्यार्थियों को जीवन में आगे बढ़ने के लिए भी प्रेरित किया। आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ डा. नंद किशोर ढौंडियाल ने किया। उन्होंने छात्रों को मन लगाकर पढ़ाई करने के लिए प्रेरित किया। ट्रस्ट के संस्थापक अध्यक्ष डा. सुरेंद्र लाल आर्य ने कहा कि मेधावी निर्धन छात्रों को शिक्षा ग्रहण करने में कोई परेशानी न हो इसके लिए ट्रस्ट छात्रों को हर प्रकार की सहायता करता है। उन्होंने कहा कि पूर्व प्रधानाचार्य प्रेम चंद्र केष्टवाल की तरफ से मेधावी निर्धन छात्रों को स्वेटर वितरित किए गए है। ट्रस्टी पीएल खंतवाल ने कहा कि वंचित, शोषित व उपेक्षित समाज में शिक्षा के विस्तार की सर्वाधिक आवश्यकता है, जिसके लिए सक्षम लोगों को आगे आना चाहिए। स्वेटर वितरित करने के लिए विद्यालय के प्रधानाचार्य महमूद अली ने ट्रस्ट का आभार जताया। इस मौके पर आशा खंतवाल, रिपुदमन बिष्ट, शशि चौधरी, अनूप ध्यानी, शूरवीर खेतवाल मौजूद रहे।

ग्रामीणों की अनदेखी नहीं होगी बर्दाश्त

जयन्त प्रतिनिधि। कोटद्वार : आमसौड़ में आपदा से बचाव का कार्य प्रारंभ नहीं होने पर आमसौड़ के ग्रामीणों का धरना तीसरे दिन भी जारी रहा। ग्रामीणों ने मांग पूरी नहीं होने तक आंदोलन जारी रखने की चेतावनी दी।

तीसरे दिन विक्रम सिंह, प्रवीन कुमार, कृष्णा कुमार, शंभू प्रसाद व विनोद खर्कवाल क्रमिक अनशन पर बैठे। ग्रामीणों ने कहा कि क्षेत्र में भूस्खलन क्षेत्र का ट्रीटमेंट न होने से गांव को खतरा बना हुआ है। ठप पड़े हुए हाईड्रम योजना को ठीक नहीं करवाया गया है, जिससे ग्रामीण क्षेत्र में खेती किसानी करने वाले किसानों को सिंचाई के लिए पानी नहीं मिल पा रहा है। पानी न मिलने से किसानों को भारी नुकसान उठाना पड़ रहा है। विगत दिनों आई वर्षा के चलते क्षतिग्रस्त पेयजल लाइनों की भी मरम्मत नहीं की जा रही है। जिससे आने वाले समय में ग्रामीण क्षेत्र में पानी की किल्लत की संभावना बनी हुई है। ग्रामीणों ने शासन-प्रशासन से शीघ्र ही जनसमस्याओं का निस्तारण करने की मांग की है। मांग न माने जाने पर उग्र आंदोलन की भी चेतावनी दी है। इस मौके पर दुर्गा सिंह बिष्ट, गणेश जुयाल, कुंदन सिंह, सुरेंद्र सिंह, विक्रम सिंह, सुमन देवी, चंद्रकला देवी मौजूद रहे।

आमसौड में तीन सूत्रीय मांग को लेकर क्रमिक अनशन करते ग्रामीण

शिवपुर क्षेत्र में बढ़ रही गुलदार की धमक

जयन्त प्रतिनिधि। कोटद्वार : शिवपुर क्षेत्र में गुलदार की धमक बढ़ती जा रही है। ऐसे में वार्डवासियों में डर बना हुआ है। शाम ढलते ही वार्डवासियों का घरों से बाहर निकलना भी मुकिश्ल हो गया है। वार्डवासियों ने वन विभाग से गुलदार के आतंक से निजात दिलवाने की मांग की है। शिवपुर क्षेत्र का अधिकांश भाग लैंसडौन वन प्रभाग से सटा हुआ है। यही कारण है कि शिवपुर क्षेत्र को जाने वाले मार्ग पर इन दिनों गुलदार की धमक बनी है। आए दिन गुलदार वाहन चालकों को सड़क पर घूमता हुआ नजर आ रहा है। कुछ दिन पूर्व गुलदार ने एक गोवंश को निवाला बना दिया था। जिसका वीडिया इंटरनेट मीडिया पर खूब वायरल हुई। वहीं, एक माह पूर्व गुलदार ने शिवपुर क्षेत्र के घर के गेट पर बैठे एक पालतू कुत्ते को भी अपना निवाला बना दिया था। गुलदार के डर से वार्डवासियों का घरों से बाहर निकलना भी मुश्किल होता जा रहा है। सबसे अधिक चिंता बच्चों व बुजुर्गों को बनी हुई है। वार्डवासियों ने बताया कि वह गुलदार को पकड़ने के लिए पूर्व में कई बार वन विभाग को पत्र दे चुके हैं। लेकिन, अब तक इस ओर ध्यान नहीं दिया गया।

धूमधाम से मनाया गया ईगास पर्व

लैंसडौन में ईगास पर्व में प्रस्तुति देती महिलाएं

जयन्त प्रतिनिधि।

कोटद्वार : अभ्युदय परिवार की ओर से ईगास बग्वाल त्योहार धूमधाम के साथ मनाया गया। इस दौरान सदस्यों ने अपनी संस्कृति व सभ्यता को बचाने का संकल्प लिया।

अभ्युदय परिवार की ओर से सूबेदार मौहल्ले के पार्क में ईगास पर्व के कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ अभ्युदय परिवार की संयोजिका भावना वर्मा ने किया। इस दौरान विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। साथ ही भौले खेल कर दीपावली मनायी गयी। महिलाओं ने भैले खेलें तथा पारम्परिक लोकनृत्य, लोक गीत प्रस्तुत किये। इस दौरान महिलाओं के लिए रस्सा-कस्सी प्रतियोगिता आयोजित की गई। जिसमें 6 टीमों ने प्रतिभाग किया। रस्सा-कस्सी में सेन्टर स्कूल की टीम विजेता, सूबेदार मौहल्ले की टीम उपविजेता रही। महिलाओं ने पारम्परिक विधि से भैले तैयार किये। कार्यक्रम में महिलाओं ने दीप जलायें। कार्यक्रम में ग्रामीण क्षेत्र कि महिलाओं ने भी प्रतिभाग किया। अभ्युदय परिवार की संयोजिका भावना वर्मा ने कहा कि हमारी संस्कृति हमारी पहचान है इस प्रकार के कार्यक्रम से हमारी संस्कृति जीवित रहती है। साथ ही भावी पीढ़ी को इस परम्परा को आगे बढ़ाने के लिए प्रेरित किया जा सकता है। इस मौके पर शान्ती गुसाईं सहित अन्य महिलाएं मौजूद रही।

उत्तर रेलवे

ई–नीलामी

वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक/कोचिंग, (ए.सी.ओ) उत्तर रेलवे मुरादाबाद मंडल के द्वारा पे एंड यूज शौचालय एवं पार्किंग के कार्य को IREPS के माध्यम से विभिन्न रेलवे स्टेशनों पर ठेके पर देने हेतु ई– बोलियाँ **www.ireps.gov.in** पर दिनांक 29.11.2024 को आमंत्रित की जाती है, जिसकी विस्तृत जानकारी, नियम व **शर्तें www.ireps.gov.in** उपलब्ध है।

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ 3520/24

उत्तर रेलवे

ई–निविदा सूचना

भारत के राष्ट्रपति की ओर से उप–मुख्य विद्युत अभियन्ता/निर्माण, उत्तर रेलवे, मुरादाबाद निम्नलिखित कार्य के लिए एक पैकेट प्रणाली के अन्तर्गत **ई–निविदा** आमंत्रित करते हैं:–

1	**ई–निविदा एनआईटी संख्या**	17–विद्युत/नि./टी.आर.डी./यू.एम.बी./136–बी
2	**कार्य का नाम व स्थान**	अम्बाला मंडल के खान–आलमपुर यार्ड में दो लेन उपरी सड़क पुल (ROB) के सम्बन्ध में 25 के.वी. ए.सी. सिंगल फेज ओ.एच.ई. की डिजाईन, सप्लाई, इरेक्शन, टेस्टिंग, कमीशनिंग वा मॉडिफिकेशन कार्य का प्रावधान।
3	**कार्य पूरा करने की अवधि**	12 (बारह) माह
4	**कार्य की अनुमानित लागत**	₹ 1,31,94,550.33
5	**बोली प्रतिभूति (ऑन लाईन) जमा कराने के लिए**	₹ 2,16,000/-
6	**ई–निविदा प्रस्तुत करने और निविदा खुलने की तिथि व समय**	निविदा दिनांक 05.12.2024 समय 11:30 बजे तक आईआरईपीएस की वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर अपलोड कर सकते हैं। निविदाकर्ता ई–निविदा में भाग ले सकते हैं। निविदा दिनांक 05.12.2024 समय 11:30 बजे खोली जाएगी।
7	**निविदा के बारे में विस्तृत सूचना और दस्तावेज**	विस्तृत ई निविदा सूचना उत्तर रेलवे की वेबसाइट **www.nr.indianrailways.gov.in** पर उपलब्ध है और निविदा दस्तावेज **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है। उपरोक्त निविदा दस्तावेज आईआरईपीएस वेबसाईट पर प्रस्ताव प्रस्तुत करने के लिए 21.11.2024 से 05.12.2024 तक उपलब्ध होगा। उपरोक्त निविदाओं के संबंध में अन्य सभी निबंधन और शर्ते निविदा दस्तावेज में दी गई है। विस्तृत निविदा सूचना भी उपरोक्त कार्यालय के नोटिस बोर्ड पर देखी जा सकती है।

प्रपत्र सं. 17–विद्युत/नि./टी.आर.डी./यू.एम.बी./136–बी. दिनांक: 13.11.2024 3521/2024

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, उत्तराखण्ड जल संस्थान, कोटद्वार

पत्रांक 2448 / निविदा / 2024-25 दिनांक 13-11-2024

अतिअल्पकालीन निविदा सूचना

मुख्य महाप्रबन्धक महोदय, उत्तराखण्ड जल संस्थान, देहरादून की ओर से विभाग में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित कार्य हेतु सीलबन्द निविदा आमंत्रित की जाती है, जो कि दिनांक 20.11.2024 की अपराह्न 3.00 बजे तक किसी भी कार्य दिवस में शाखा कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है। यह निविदा दिनांक 21.11.2024 की अपरान्ह 3.00 बजे तक शाखा कार्यालय में जमा करायी जा सकेगी। जो कि अपरानह 3.30 बजे अधोहस्ताक्षरकर्ता अथवा उनके प्रतिनिधि द्वारा उपस्थित ठेकेदारों के समक्ष खोली जायेंगी।

क्र0 सं0	कार्य का विवरण	अनुमानित लागत (रू0 लाख में)	धरोहर राशि 2 प्रतिशत	निविदा मूल्य जी0एस0टी0 सहित
1	2	3	4	5
1	सनेह नगरीय पेयजल योजना के अन्तर्गत मनकामेश्वर नलकूप में नलकूप रिचार्ज एवं तत्सम्बन्धी कार्य।	2.85	5700.00	रू0 500.00 +GST
2	रिगड्डी नगरीय पेयजल योजना के अन्तर्गत धनेष फार्म नलकूप में नलकूप रिचार्ज एवं तत्सम्बन्धी कार्य।	2.71	4700.00	रू0 500.00 +GST
3	रिगड्डी नगरीय पेयजल योजना के अन्तर्गत घराट नलकूप में नलकूप रिचार्ज एवं तत्सम्बन्धी कार्य।	2.80	4800.00	रू0 500.00 +GST
4	रिगड्डी नगरीय पेयजल योजना के अन्तर्गत सिताबपुर नलकूप में नलकूप रिचार्ज एवं तत्सम्बन्धी कार्य।	2.85	5700.00	रू0 500.00 +GST
5	रिगड्डी नगरीय पेयजल योजना के अन्तर्गत देवी मंदिर नलकूप में नलकूप रिचार्ज एवं तत्सम्बन्धी कार्य।	2.80	4800.00	रू0 500.00 +GST

शर्तें:- नियम व शर्तें किसी भी कार्य दिवस पर कार्यालय में देखी जा सकती है।

1- कार्य उत्तराखण्ड जल संस्थान के सहायक अभियन्ता/कनिष्ठ अभियन्ता के निर्देशानुसार करना होगा।
2- निर्धारित तिथि एवं समय के पश्चात प्राप्त निविदाओं पर विचार नहीं किया जायेगा।
3- कार्य पूर्ण होने के 06 माह पश्चात ही धरोहर राशि वापस की जायेगी।
4- ठेकेदार द्वारा लिफाफे पर योजना का नाम एवं ठेकेदार का पता अंकित होना अनिवार्य है।
5- निविदा क्रय करते समय विभागीय पंजीकरण की मूलप्रति प्रस्तुत करनी अनिवार्य है, जिसके अभाव में निविदा निर्गत नहीं की जायेगी।
6- निविदा प्रपत्र पर आयकर विभाग द्वारा जारी जी0एस0टी0 नं0 अंकित करना अनिवार्य होगा।
7- अधोहस्ताक्षरी को निविदा को बिना कारण बताये निरस्त करने का अधिकार होगा।
8- धरोहर धनराशि के अभाव में निविदा निरस्त मानी जायेगी।
9- सशर्त निविदा स्वीकार नहीं की जायेगी।
10- कार्यस्थल का निरीक्षण करने के उपरान्त ही निविदा क्रय करें।
11- निविदादाता को नलकूप के खनन एवं तत्सम्बन्धी कार्यों का अनुभव होना आवश्यक है।
12- कार्य हेतु शेष शर्ते निविदा प्रपत्र पर दी गई शर्तों के अनुसार होगी।

अधिशासी अभियन्ता

एक नजर

सनातन धर्म मंदिर में फहराया 108 फीट का ध्वज

देहरादून। प्रेमनगर सनातन धर्म मंदिर में कार्तिक मास का वार्षिक ध्वजारोहण कार्यक्रम में बुधवार को 108 फीट ऊंचा हाईड्रोलिक ध्वज फहराया गया। सर्वप्रथम मंदिर में पुजारी कृष्ण प्रसाद ने हवन यज्ञ किया। गणपति पूजन के साथ भगवान विष्णु लक्ष्मी जी का पूजन किया गया। तत्पश्चात उपस्थित भक्तों ने 108 फीट ऊंचे हाइड्रोलिक ध्वज का कच्ची लस्सी से अभिषेक किया। श्रद्धालुओं ने अपनी मनोकामना पूर्ति के लिए ध्वज में रूमाल बांधे। ध्वज को खड़ा करने के साथ ही भक्तों ने भगवान के जयकारे लगाए। श्रद्धालु भजन कीर्तन पर जमकर झूमे। तत्पश्चात भंडारा हुआ। मौके पर प्रधान सुभाष माकिन, मनोज बहल, अवतार कृष्ण कौल, रवि भाटिया, टोनी भाटिया, हरीश कोहली, फकीर चंद, विनोद कुमार, संजय भाटिया, जतिन तलवार, विक्की खन्ना, अखिल भाटिया, अनिल भाटिया, अनीता मल्होत्रा, संगीता भाटिया आदि मौजूद रहे।

शहीद रविंद्र सिंह रावत को श्रद्धांजलि दी

देहरादून। राज्य आंदोलनकारी शहीद शहीद रविन्द्र सिंह रावत पालू को उनकी जयंती पर श्रद्धांजलि दी गई। नेहरू कॉलोनी स्थित स्मारक पर बुधवार को कांग्रेस नेता श्रद्धांजलि देने पहुंचे। कांग्रेस प्रवक्ता अभिनव थापर ने कहा कि शहीद रविंद्र रावत के बलिदान को भुलाया नहीं जा सकता। यह राज्य 42 शहादतों और असंख्य मातृशक्ति बुर्जुर्गों, युवाओं के संघर्ष की देन है। आज भी राज्य की जनता उत्तराखंड को बचाने के लिए संघर्ष कर रही है। इस मौके पर निर्वतमान क्षेत्रीय पार्षद अमित भंडारी, संजय बहादुर सिंह, पुष्पा रतूड़ी, हृषिता भंडारी, धनेश्वरी नौटियाल, गीता रावत, नीलम जुनेजा, शशि पंवार, सुरजीत शर्मा, प्रदीप जोशी, महेंद्र सिंह रावत, वीरेंद्र पोखरियाल, बब्बन सती, रिपुदमन सिंह, नवीन रमोला, विजयपाल रावत समेत अन्य मौजूद रहे।

गणित के साथ संगीत में प्रतिभा दिखाने का मौका

देहरादून। बच्चों की गणित में रुचि जगाने और उन्हें गणित की बारीकियां सिखाने के लिए डीपीएसजी सेलाकुई में 17 नवंबर को आर्यभट्ट गणितज्ञ ऑफ द ईयर प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। इसके अलावा 24 नवंबर को डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम कला और कविता प्रतियोगिता का आयोजन होगा। स्कूल के प्रिंसिपल मोहित मार्क ने बुधवार को प्रेस क्लब में आयोजित प्रेस वार्ता में ये जानकारी दी। उन्होंने बताया कि दोनों प्रतियोगिताओं में आकर्षक नकद पुरस्कार दिए जाएंगे। जिसके लिए 70 से अधिक स्कूल रजिस्ट्रेशन करा चुके हैं। उन्होंने बताया कि आर्यभट्ट प्रतियोगिता का मकसद गणितीय उत्कृष्टता, समस्या–समाधान कौशल और आलोचनात्मक सोच को बढ़ावा देना। जबकि डा. कलाम प्रतियोगिता के जरिए कला और साहित्य के क्षेत्र में बच्चों की प्रतिभा को निखारा जाएगा। वहीं 27 नवंबर को स्कूल में धरोहर कार्यक्रम का भी आयोजन होगा। जो एक इंटर–स्कूल नृत्य और संगीत प्रतियोगिता होगी। वहीं दिसंबर में विंटर कार्निवाल का भी आयोजन होगा।

बंद घर से उड़ाया सामान, सीसीटीवी खंगाले

हरिद्वार। रानीपुर क्षेत्र में एक बंद घर से सामान चोर ले उड़े। पीड़ित पक्ष की शिकायत पर हरकत में आई रानीपुर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। घटनास्थल के आस पास लगे सीसीटीवी कैमरें खंगाले जा रहे हैं। पुलिस को दी गई शिकायत में कविता रानी पत्नी आदेश कुमार निवासी गली नंबर–दो सुमननगर बताया कि 31 अक्तूबर को दीवाली का त्योहार मनाने के लिए मूल घर भरतिया कॉलोनी सुमननगर थी। इस घर पर ताला लगा हुआ था। बताया कि 10 तारीख को उसका पुत्र आशुतोष जब सुमनगर नगर पहुंचा तब देखा कि मुख्य गेट का ताला टूटा हुआ है।

रोडवेज कर्मचारियों ने 18 से आंदोलन को चेताया

देहरादून। रोडवेज कर्मचारी संयुक्त परिषद पर्वतीय डिपो शाखा ने डिपो प्रबंधन पर नई बसों का आंवटन नियम विरुद्ध करने का आरोप लगाया है। कर्मचारियों ने 18 नवंबर से अनिश्चितकालीन धरने की चेतावनी दी है। डिपो के सहायक महाप्रबंधक को भेजे पत्र में मंत्री नमन शर्मा ने कहा कि मुख्यालय के आदेशानुसार नई बसों का आवंटन बेहतर काम करने वाले ड्राइवरों को किया जाना चाहिए। लेकिन डिपो प्रबंधन ने ऐसा नहीं किया है। डिपो में ऐसे चालक को नई बस आंवटित की गई, जिसका प्रदर्शन खास नहीं है, यही नहीं इस चालक ने रोडवेज की छवि भी धूमिल की है।

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने किए बद्री विशाल के दर्शन

बद्री नारायण की पूजा अर्चना कर देश प्रदेश की सुख समृद्धि कामना की

जयन्त प्रतिनिधि।

चमोली : मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने बुधवार को बद्री विशाल के दर्शन किए। मुख्यमंत्री ने बुधवार को बद्रीनाथ धाम, में पूजा अर्चना कर प्रदेश में सुख समृद्धि एवं शांति की कामना की। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि यात्रा अब अंतिम चरणों में है। अभी भी बड़ी संख्या में देश भर से श्रद्धालु बाबा बद्री विशाल के दर्शन करने आ रहे हैं। उन्होंने कहा कि पिछले दो तीन सालों से श्रद्धलुओं की संख्या लगातार बढ़ रही है। आने वाले समय में यात्रियों की संख्या में रिकार्ड वृद्धि होगी।

सीएम ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की प्रेरणा से यहां पर मास्टर प्लान का काम तेजी से पूरा हो रहा है। आने वाले समय में यहां का भव्य स्वरूप बनेगा। सरकार का प्रयास है कि हर साल यात्रा और बेहतर हो। कहा कि राज्य में यात्रा प्राधिकरण बनाया जा रहा है। फिर सभी धामों की यात्रा व्यवस्थाओं के हिसाब से सिस्टम विकसित किया जायेगा और संख्या सुनिश्चित की जाएगी। इस दौरान मुख्यमंत्री ने तीर्थ पुरोहितों, व्यापार मंडल, होटल एसोसिएशन के पदाधिकारी से बीकेटीसी कार्यालय में मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनीं और उनके निदान का आश्वासन दिया। तीर्थ पुरोहितों, व्यापार मंडल, होटल एसोसिएशन ने यात्रा को लेकर संतोष व्यक्त किया। मुख्यमंत्री ने यात्रियों से बातचीत कर, यात्रा व्यवस्थाओं का फीडबैक भी लिया। इस अवसर पर बीकेटीसी के उपाध्यक्ष किशोर पंवार, सीईओ विजय प्रसाद थपलियाल, एसडीएम जोशीमठ चंद्रशेखर वशिष्ठ, एसडीएम चमोली राजकुमार पाण्डेय सहित अन्य संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

उत्तराखण्ड में जल्द लागू होगा सशक्त भू-कानून : धामी

जयन्त प्रतिनिधि।

चमोली : मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने बुधवार को विधानसभा भवन भराड़ीसैंण में उत्तराखण्ड में सख्त भू-कानून के सम्बन्ध में भू-कानून के लिए बनाई गई समिति एवं अन्य पूर्व उच्चाधिकारियों एवं बुद्धिजीवियों के साथ भू-कानून के ड्राफ्ट पर चर्चा की गई। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार भू-कानून को लेकर अत्यंत गंभीर है।

कहा कि प्रदेश में लागू होने वाले भू-कानून को जन भावनाओं के अनुरूप बनाए जाने की दिशा में काम कर रही है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि इस चर्चा के दौरान बहुत से अच्छे सुझाव आए हैं, जिन्हें भू-कानून में शामिल किया जाएगा। कहा कि एसडीएम और तहसीलदार स्तर पर भी भू-कानून को लेकर जनता से सुझाव लिए जाएंगे, जिनमें से अच्छे सुझावों को इसमें शामिल किया जाएगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि एक सशक्त भू-कानून का ड्राफ्ट स्थानीय लोगों की आवश्यकताओं और विकास के पहलुओं को ध्यान में रखते हुए तैयार किया जा रहा है। बैठक में मुख्य सचिव राधा रतूडी, पूर्व मुख्य सचिव इंदु कुमार पाण्डेय, सुभाष कुमार, अपर मुख्य सचिव आनन्द बर्द्धन, बीपी पाण्डेय, पूर्व डीजीपी अनिल रतूड़ी, प्रमुख सचिव आर.के. सुधांशु, सचिव शैलेश बगोली, एस.एन. पाण्डेय सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी मौजूद थे।

भालू के आतंक से दहशत में ग्रामीण

जयन्त प्रतिनिधि।

पौड़ी : दमदेवल रेंज के पाबौ ब्लाक के कालो गांव में भालू का आतंक बना हुआ है। भालू ने बीते मंगलवार की रात को एक ग्रामीण की गोशाला का दरवाजा तोड़कर बैल को मार दिया। भालू के आतंक से ग्रामीणों में दहशत बनी हुई है। स्थानीय जनप्रतिनिधियों व ग्रामीणों ने वन विभाग से भालू के आंतक से निजात दिलाने की मांग की है।

जिला पंचायत सदस्य खंडूली आशुतोष पोखरियाल, ग्राम प्रधान रमेश भंडारी, बलवंत सिंह, धर्म सिंह, बलवंत सिंह रावत, मनोज सिंह, शीशपाल सिंह, सुरेंद्र नौटियाल आदि ने बताया कि इन दिनों पाबौ ब्लाक के कालो में भालू के आतंक से ग्रामीण परेशान हैं। बताया कि बीते मंगलवार की रात को भालू ने बसंती देवी की गोशाला का दरवाजा तोड़कर उनकी बैल को मार दिया। इससे कुछ दिन पहले भी भालू ने दिक्का देवी की गोशाला का दरवाजा तोड़कर गाय को मार दिया था। बताया कि बीते एक सप्ताह में यह दूसरी घटना है, जिससे ग्रामीण भयभीत हैं। उन्होंने वन विभाग से भालू के आतंक से निजात दिलाने की मांग की है। वहीं, दमदेवल रेंज के रेंजर राजेंद्र सिंह नेगी ने बताया कि क्षेत्र में वन विभाग की टीम को भेज दिया गया है। ग्रामीणों को भालू के आतंक से निजात दिलाने के लिए गांव में गश्त बढ़ा दी गई है।

भारत में धरातल पर शिक्षा नीति को लागू करने की स्थिति नहीं

श्रीनगर गढ़वाल : गढ़वाल विश्वविद्यालय के बिड़ला परिसर में बुधवार को ऑल इंडिया डेमोक्रेटिक स्टूडेंट ऑर्गनाइजेशन (एआईडीएसओ) द्वारा नई शिक्षा नीति 2020 रद्द करो की मांग को लेकर शिक्षा सम्मेलन आयोजित किया। मुख्य वक्ता एआईडीएसओ के ऑल इंडिया सेक्रेटरी कॉमरेड सौरभ घोष सौरभ घोष ने कहा कि नई शिक्षा नीति यूरोप के देशों की नकल करते हुए बनाई गई है, जबकि भारत में धरातल पर शिक्षा नीति को लागू करने की स्थिति नहीं है।

एआईडीएसओ छात्र संगठन की ऑल इंडिया काउंसिल मेंबर और हिंदी विषय की शोधार्थी रेशमा पंवार ने वर्तमान में उत्तराखंड की शिक्षा व्यवस्था पर बात रखते हुए कहा कि एक तरफ सरकार नई शिक्षा नीति को बढ़ावा दे रही है, वही दूसरी तरफ गढ़वाल विश्वविद्यालय समेत उत्तराखंड के स्कूलों में शैक्षणिक और गैर शैक्षणिक पद बड़ी संख्या में खाली पड़े हुए हैं। इस मौके पर बीएसएनल ट्रेड यूनियन नेता पीबी डोभाल, डॉ. मुकेश सेमवाल, कुलदीप रमोला, संदीप कुमार, मोनिका चौहान, प्रिया, निशा, राजदीप, अमित, अजय, अनिल, विकास, सीमा आदि मौजूद रहे। (एजेंसी)

पलायन रोकथाम के लिए बनेगी अल्प, लघु और दीर्घकालिक योजनाएं : धामी

भराडीसैंण विधानसभा परिसर में मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में हुई पलायन निवारण आयोग की बैठक

जयन्त प्रतिनिधि।

चमोली : उत्तराखंड राज्य में पहाड़ों से हो रहे पलायन को रोकने के लिए मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की अध्यक्षता में बुधवार को विधानसभा परिसर भराडीसैंण में पलायन निवारण आयोग की अहम बैठक हुई। जिसमें पलायन के प्रमुख कारणों पर चर्चा के साथ ही इसके निवारण हेतु बुनियादी जरूरतों को पूरा करने पर मंथन किया गया।

बैठक में सदस्यों ने पलायन निवारण के लिए विभागीय सहयोग से अल्पकालिक, मध्यकालिक और दीर्घकालिक योजनाओं पर कार्य करने की बात रखी। पहाड़ों से हो रहे पलायन के प्रमुख कारणों पर चर्चा के दौरान बुनियादी जरूरतों को पूरा करने के लिए पहाड़ों पर योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन करने पर जोर दिया गया।

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि राज्य सरकार पलायन की समस्या को लेकर गंभीर है और इसे रोकने के लिए कई योजनाओं पर कार्य कर रही है। राज्य सरकार ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार और आधारभूत ढांचे के विकास हेतु निरंतर कार्य कर रही है। शिक्षा और स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ किया जा रहा है। स्थानीय स्तर पर सामुदायिक विकास कार्यक्रमों के माध्यम से भी युवाओं स्वरोजगार से जोड़ने का काम किया जा रहा है। पिछले तीन वर्षों में स्वरोजगार के क्षेत्र में विशेष फोकस किया गया है। इसको और अधिक प्रभावी बनाने की दिशा में निरंतर काम किया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्ष 2025 तक उत्तराखंड को श्रेष्ठ राज्यों की श्रेणी में लाने के लक्ष्य पर सरकार काम कर रही है। पलायन निवारण आयोग द्वारा दिए जा रहे सुझावों को अमल में लाने के लिए संबंधित विभागों के माध्यम से ठोस कार्य योजना बनाई जा रही है। जनकल्याणकारी योजनाओं से ज्यादा से ज्यादा लोगों को लाभान्वित करने हेतु प्रक्रिया का सरलीकरण किया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार ने ग्रामीण क्षेत्रों में पलायन को रोकने के लिए कई योजनाओं को लागू किया है। इसके तहत गांवों में बुनियादी सुविधाओं का विकास किया जा रहा है और रोजगार के नए अवसर पैदा किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा देश विदेश के प्रवासियों को भी इस मुहिम से जोड़ने का प्रयास किया जा रहा है। पलायन निवारण के लिए प्रवासियों से भी अच्छे सुझाव मिले हैं, जिन्हें धरातल में उतारा जाएगा। बैठक में मुख्य सचिव श्रीमती राधा रतूड़ी, पलायन आयोग के उपाध्यक्ष एसएस नेगी सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी मौजूद थे।

अधिकारी प्रशिक्षण को गंभीरता से लें : डीएम

जयन्त प्रतिनिधि। पौड़ी : बुधवार से तीन दिवसीय आउटरीच कार्यशाला का आयोजन डॉ. आरएस टोलिया उत्तराखण्ड प्रशासनिक अकादमी नैनीताल के सौजन्य से विकास भवन सभागार, पौड़ी में किया गया। प्रथम दिवस पर विभिन्न विभागों से 80 प्रतिभागी शामिल हुए।जिलाधिकारी डॉ. आशीष चौहान ने अधिकारियों को प्रशिक्षण को गंभीरता से लेते हुए अपना शत प्रतिशत देने को कहा। साथ ही प्रशिक्षण कार्यक्रम का लाभ उठाते हुए अपनी कार्यशैली को और बेहतर करने को कहा। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता श्रीमती मीना उपाध्याय ने जेण्डर सेंसटाइजेशन पर विस्तार से चर्चा की। प्रशिक्षण के तीसरे दिन 16 नवम्बर को सूचना का अधिकार अधिनियम पर प्रशिक्षित किया जायेगा। कार्यक्रम में मुख्य विकास अधिकारी गिरीश गुणवंत, परियोजना निदेशक डीआरडीए विवेक कुमार उपाध्याय, कार्यक्रम निदेशक अनिल मिश्रा और सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित थे।

विधायक ने नंदासैंण मेले को दिए पांच लाख

चमोली : नंदासैंण में आयोजित पर्यावरण संवर्द्धन पर्यटन एवं विकास मेले के समापन समारोह में कर्णप्रयाग विस के विधायक अनिल नौटियाल ने मेले पर प्रकाश डाला और मेले के अतिरिक्त कक्ष निर्माण के लिए विधायक निधि से पांच लाख रुपये देने की घोषणा की। समारोह में सभी ग्राम प्रधान, क्षेत्र पंचायत सदस्य और जिला पंचायत सदस्यों को मेला समिति ने सम्मानित किया। इस दौरान बॉलीबॉल प्रतियोगिता में नर्सिंग क्लब मालई विजेता और देवलकोट उपविजेता रही। इसके साथ ही सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता का आयोजन जूनियर एवं सीनियर स्तर पर सम्पन्न हुआ। इस मौके पर खंड शिक्षा अधिकारी विनोद माटूड़ा, जिला कांग्रेस अध्यक्ष मुकेश नेगी, प्रमुख गैरसैंण शशि सौरियाल, पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष सुभाष गैरोला आदि थे। समापन पर सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन भी किया गया।

इंडिया गठबंधन ने कांग्रेस प्रत्याशी को समर्थन देने का किया ऐलान

रुद्रप्रयाग : भीरी स्थित कांग्रेस कार्यालय में इंडिया गठबंधन ने एक बैठक करके केदारनाथ उप चुनाव को लेकर कांग्रेस प्रत्याशी मनोज रावत को समर्थन देने का ऐलान किया गया। जिसके बाद गठबंधन से जुड़े नेताओं ने कांग्रेस का प्रचार भी शुरू कर दिया है। बुधवार को बैठक के बाद इंडिया गठबंधन के संयोजक और कांग्रेस के प्रदेश प्रवक्ता शिशपाल सिंह बिष्ट, सीपीआई (एमएल) के प्रदेश सचिव इंद्रेश मैखुरी, सीपीआई के वरिष्ठ नेता जयनारायण नौटियाल, सीपीआई (एमएल) के राज्य कांन्सिल के सदस्य मनमोहन चमोली एवं सिविल सोसाईटी के प्रतिनिधि त्रिलोचन भट्ट ने पत्रकार वार्ता की।

सीपीआई एमएल के प्रदेश सचिव ने कांग्रेस प्रत्याशी मनोज रावत के समर्थन में वोट करने की अपील करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री एकस्टेंशन की सरकार चला रहे हैं। ज्यादातर नौकर शाह भी एकस्टेंशन पर हैं। इसमें चाहे मुख्य सचिव हों या फिर डीजीपी। कहा कि उनके चहेतों की लिस्ट में सबसे ऊपर भ्रष्टाचारियों के नाम हैं। हाल ही में यूपीसीएल में एक ऐसे अधिकारी को एकस्टेंशन दिया है, जिन पर भ्रष्टाचार के गंभीर आरोप हैं। (एजेंसी)

प्राचीन भारतीय संस्कारों को लेकर भी साथ चलना पढ़ेगा

जयन्त प्रतिनिधि।

पौड़ी : राठ महाविद्यालय पैठाणी में नव प्रवेशित छात्र-छात्राओं के लिए एक दिवसीय गोष्ठी का आयोजन किया गया। इस मौके पर वक्ताओं ने कहा कि एक तरफ युवा पीढ़ी तकनीकी के साथ साथ आगे बढ़ रही है, दूसरी तरफ उसे अपने प्राचीन भारतीय संस्कारों को लेकर भी साथ चलना पढ़ेगा, इसी को सामंजस्य बिठाते हुए नई शिक्षा नीति में कई बदलाव किए गए हैं।

नई शिक्षा नीति 2020 और उच्च शिक्षा के महत्त्व पर आयोजित गोष्ठी में मुख्य वक्ता केंद्रीय विश्वविद्यालय श्रीनगर गढ़वाल के राजनीति विज्ञान विभाग के प्रोफेसर डा. राकेश नेगी ने कहा कि नई शिक्षा नीति 2020 वर्तमान पीढ़ी को मध्य नजर रखते हुए बनाई गई है, इस में आज के युवा पीढ़ी में हो रहे परिवर्तनों को शामिल किया गया है।

उन्होंने विभिन्न सेमेस्टरो से संबंधित छात्र-छात्राओं के कई सवालों और कठिनाइयों पर सवाल जबाव किए। इस मौके पर प्राचार्य डा. जितेंद्र कुमार नेगी, डा. वीरेंद्र चंद्र, संयोजक डा. देवकृष्ण थपलियाल, नितिन चौहान, अंकिता आदि मौजूद रहे।

अज्ञात चोरों ने एक घर को बनाया निशाना लाखों की चोरी को दिया अंजाम

हरिद्वार। नसीरपुर कलां में अज्ञात चोरों ने एक बंद पड़े मकान को अपना निशाना बना लिया। चोर घर से सोने चांदी के जेवरात और नगदी पर हाथ साफ कर गए। सुबह घर के सदस्य जब घर पहुचे तो उन्हें मकान का टूटा ताला देख चोरी की जानकारी हुई। पीड़ित ने मामले में अज्ञात चोरों के खिलाफ पुलिस को तहरीर दी है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है। नसीरपुर कलां गांव निवासी इरशाद पुत्र रोढा मंगलवार को परिवार के सभी सदस्यों को लेकर धनपुरा शादी समारोह में शामिल होने गया था और घर पर ताला लगा था। इसका फायदा देख चोरों ने मकान का ताला तोड़ कर अलमारी से सोने और चांदी के जेवरात तथा 13 हजार रुपये चोरी कर लिए।

बैडमिंटन में समर, अभिनव, दिव्यांशी ने मारी बाजी

जयन्त प्रतिनिधि।

कोटद्वार : सनेह क्षेत्र के अन्तर्गत श्री गुरू राम राय पब्लिक स्कूल लालपानी में बैडमिंटन, शतरंज प्रतियोगिता आयोजित की गई। प्रधानाचार्य विभाकर डबराल ने कहा कि हमें अपने जीवन में अपना लक्ष्य निर्धारित करके आगे बढ़ना चाहिए। बताया कि उचित समय पर किए गए प्रयास कभी विफल नहीं होते है। इसलिए एकाग्रचित होकर अपने लक्ष्य की ओर बढ़े एवं अच्छी आदतों का निर्माण करते हुए जीवन में सफलता की ओर अग्रसर होते रहे।

प्रधानाचार्य विभाकर डबराल ने बताया कि जूनियर बालक वर्ग बैडमिंटन प्रतियोगिता में समर शर्मा, अंकुश, सीनियर बालक वर्ग में अभिनव उनियाल, हार्दिक बिष्ट, बालिका वर्ग में दिव्यांशी गोसाई, अंतरा घिल्डियाल विजेता और उपविजेता रहे। कैरम प्रतियोगिता जूनियर वर्ग में आर्यभट्ट हाउस के अरिहंत, बालिका वर्ग में रामानुजन हाउस की अनुष्का घिल्डियाल ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। वहीं सीनियर बालक वर्ग कैरम प्रतियोगिता में रामानुजन हाउस के अनुज पैंथवाल ने प्रथम स्थान हासिल किया। बालिका वर्ग में आर्यभट्ट हाउस की गुंजन ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। शतरंज प्रतियोगिता बालिका वर्ग में अंशिका भट्ट, बालक वर्ग में दिव्यांशु बिष्ट, सीनियर वर्ग शतरंज प्रतियोगिता में रमन हाउस की काव्य पुंडीर ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। इस अवसर पर विद्यालय के समस्त शिक्षक-शिक्षिकाएं एवं कर्मचारी मौजूद रहे।

महिला आयोग की अध्यक्ष ने किया जिला कारागार का निरीक्षण

चमोली : राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष कुसुम कंडवाल ने अपने चमोली दौरे के दौरान जिला कारागार पुरसाडी, चमोली का निरीक्षण किया। उन्होंने वहां महिला कैदियों को मिलने वाली व्यवस्थाओं/सुविधाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान आयोग अध्यक्ष महिला कैदियों की समस्याओं के बारे में रूबरू हुई। कारागार में उन्होंने महिला कैदियों को दी जा रही मूलभूत सुविधाओं के बारे में जानकारी ली। निरीक्षण के दौरान जेल अधीक्षक त्रिलोक चन्द्र आर्य ने बताया गया कि कारागार के महिला बैरक में वर्तमान में 3 महिला बंदी हैं। जानकारी में उन्होंने बताया कि यहां 60 महिला बंदियों को रखने की व्यवस्था है। आयोग की अध्यक्ष ने महिला कैदियों को खाने-पीने के लिए दिया जाने वाला भोजन, चिकित्सकीय उपचार व अन्य व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया। इस दौरान जिला कारागार में महिला आयोग की अध्यक्ष ने निर्देश दिए कि महिला कैदियों के लिए सेनेटरी पैड वेंडिंग मशीन भी लगाई जाए। निरीक्षण के दौरान महिला कैदियों से बातचीत करते हुए उन्होंने कहा कि उनका यहां आने का केवल एक ही उद्देश्य है कि वे महिला कैदियों की समस्याओं से रूबरू हो सकें व उनकी समस्याओं का निवारण करा सकें। यदि किसी भी महिला कैदी को यहां रहने में किसी प्रकार की कोई परेशानी का सामना करना पड़ रहा हो, तो वे बेझिझक उन्हें बता सकती हैं। निरीक्षण के दौरान उन्होंने कहा की कैदियों को जो व्यवस्था दी रही है उन व्यवस्थाओं से संतुष्ट है तथा प्रशासन पूरी मेहनत से अपना कार्य कर रहा है।

स्मार्ट मीटर, बिजली कटौती पर कांग्रेसियों का प्रदर्शन

देहरादून। ऊर्जा निगम की ओर से लगाए जाने वाले स्मार्ट मीटर का कांग्रेस ने विरोध किया। कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने ऊर्जा निगम मुख्यालय पर प्रदर्शन कर विरोध जताया। बुधवार को कांग्रेस महासचिव विनोद चौहान के नेतृत्व में यूपीसीएल मुख्यालय पर कांग्रेसियों ने बिजली कटौती पर भी नाराजगी जताई। ऊर्जा निगम मुख्यालय पर निदेशक ऑपरेशन मदनराम आर्य को ज्ञापन सौंपते हुए महासचिव विनोद चौहान ने कहा कि ऊर्जा निगम प्रदेश में प्रीपेड मीटर लगवा रहा है। इस योजना को तत्काल निरस्त किया जाए। उन्होंने इस योजना को जनता के साथ धोखा करार दिया। कहा कि प्रदेश प्रति यूनिट बिजली की दर अधिक है। लोगों को बिजली के बिल भरने में कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। सभी लोग सोलर प्लांट लगाने में सक्षम नहीं हैं। ऐसे में सोलर प्लांट लगाने में मिलने वाली सब्सिडी को बढ़ाया जाए। कहा कि महंगी बिजली के बावजूद बिजली कटौती भी तेजी से हो रही है। ग्रामीण से लेकर शहरी क्षेत्रों में बिजली कटौती हो रही है। बच्चों की पढ़ाई प्रभावित हो रही है। ऊपर से बिजली के बिल ज्यादा आ रहे हैं। राज्य में कई स्थानों पर बिजली चोरी हो रही है। राजधानी देहरादून में ही धर्मपुर, रायपुर, सहसपुर समेत कई क्षेत्रों में एरियर बंच केबिल नहीं बिछाई गई है। इसके कारण इन क्षेत्रों में बिजली चोरी और तारों का जाल फैला हुआ है। कहा कि बिजली की लाइनों को अंडरग्राउंड किया जाए। ताकि आम लोगों को बिजली के तारों के जाल से मुक्ति मिल सके।

जयन्त
संस्थापक
स्व.नरेन्द्र उनियाल
प्रकाशक,मुद्रक और स्वामी
नागेन्द्र उनियाल द्वारा प्रतिभा प्रेस से मुद्रित तथा बद्रीनाथ मार्ग कोटद्वार (गढ़वाल) से प्रकाशित
–सम्पादक
नागेन्द्र उनियाल
आर.एन.आई. 35469/79
फोन/फैक्स 01382–222383
मो. 8445596074, 9412081969
e-mail:
nagendra.uniyal@gmail.com